सूर्योदय दि. 12-09-2020
दिल्ली स्टै. टा.
सूर्यास्त दि.30-17/33 दि.5 -17/37

अधिकतम तापमान 31.1°
न्यूनतम तापमान 34.1°

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No.DELHIN/2015/66886

ओपन सर्च

Open Search

E-mail | opensearchdelhi@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

2 सेकेंड के फेम वाले आरोप पर...पृष्ठ-8

वर्ष : 05 अंक : 278 | नई दिल्ली, शनिवार, 12 सितम्बर-2020 | बिहार, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से प्रसारित | मूल्य : 02 रूपए | पृष्ठ : 08

अवश्कता है

हिन्दी दैनिक 'ओपन सर्च' में रिपोर्ट,संवाददात व ब्यूरो और विज्ञापन के लिए
सम्पर्क करें
मो. 9958699302
E-mail
opensearchdelhi@gmail.com
website
www.opensearch.co.in

एक नज़र

सरकार को सुननी चाहिए युवाओं की बात : प्रियंका

नयी दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार अपने भविष्य को लेकर चिंतित बेरोजगार युवकों की बात सुनने को तैयार नहीं है लेकिन देश के युवा वाजिब बात कह रहे हैं और वह इन युवाओं की बात का समर्थन करती है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कर्मचारी चयन आयोग-एसएससी देने वाले छात्रों ने परीक्षा प्रक्रिया, सभी चरण, फाइनल रिजल्ट को कैलेंडर आधारित कर तय अवधि में पूरा करने सहित कई अच्छे सुझाव दिए हैं। सरकार से इन सुझावों पर विचार करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस जैसे रचनात्मक तरीकों से अपनी बात कह रहे युवाओं को हमारा समर्थन है।

आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं करने पर पश्चिम बंगाल, दिल्ली समेत चार राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ओडिशा, तेलंगाना , दिल्ली और पश्चिम बंगाल को उस याचिका पर नोटिस जारी किया जिसमें कहा गया है कि इन राज्यों ने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को लागू नहीं किया है। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबड़े की अध्यक्षता तीन न्यायमूर्तियों की पीठ अब इस याचिका पर दो हफ्ते बाद सुनवाई करेगी। यह याचिका पेरला शेखर राव की ओर से हितेंद्र नाथ रथ और श्रवण कुमार द्वारा दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपये के वार्षिक बजट के साथ देश के 50 करोड़ लोगों के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की है। इस योजना के तहत गरीब लोग कोरोना महामारी के संक्रमण की जांच और इलाज समेत विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए इलाज का लाभ उठाने के हकदार हैं। केवल तेलंगाना, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और ओडिशा को छोड़कर सभी राज्यों ने इसे लागू किया है।

चीनी कब्जे को लेकर राहुल का मोदी पर फिर वार

नयी दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सीमा पर चीनी सैनिकों के कब्जे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला करते हुए आज तंज किया और कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि उसके पास उन्हें भगाने की कोई रणनीति है या फिर इसे 'दैवीय घटना' बताकर छोड़ देने की योजना है। श्री गांधी ने ट्वीट किया फ्रचीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। भारत सरकार की इस जमीन को वापस लाने की क्या योजना है या फिर इसे भी एक 'दैवीय घटना' बताकर नजरंअंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस ने भी अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर चीनी सैनिकों की मौजूदगी को लेकर सरकार पर हमला किया और कहा 'चीन लगातार सीमा पर तनाव बढ़ा रहा है। चीन ने 50 हजार सैनिक, 150 विमान, टैंक और मिसाइल तैनात किए हैं। चीन की धमकी पर भारतीय जनता पार्टी का मौन संदिग्ध है औ देश पूछ रहा है कि भाजपा की लाल आंख कहां है।

खेल संस्कृति तत्काल बहाल होनी चाहिएः नायडू

नयी दिल्ली उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने देश में खेल संस्कृति तत्काल बहाल करने की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि खेल, योग या कोई अन्य शारीरिक गतिविधि लोगों के दैनिक कार्य कलापों में शामिल होनी चाहिए। श्री नायडू ने पंजाब विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में खेलों को प्रोत्साहन देने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपना आधा समय कक्षा में और आधा समय खेल मैदान, खेत और सामाजिक कार्यों में बिताना चाहिए।

लद्दाख में तनाव

दिल्ली में राजनाथ, डोभाल और जनरल रावत की मुलाकात

जिस जगह भारत-चीन के सैनिक कुछ मीटर की दूरी पर हैं, वहीं मिलिट्री लेवल की मीटिंग हुई

- 7 सितंबर को चीन ने भारतीय इलाके पर कब्जे की कोशिश की थी, इसके बाद चुशुल में लगातार 5 दिन से सैन्य स्तर की बातचीत जारी
- चुशुल के करीब रेजांग ला, लीचेन ला, ब्लैक टॉप और गोस्वामी हिल पर सेना के कब्जे से बढ़त मिली, चीनी सैनिक भी यहां मौजूद हैं

नई दिल्ली(एजेंसी)।

लद्दाख में जारी तनाव को सुलझाने के लिए लगातार पांचवें दिन शुक्रवार को भारत और चीन के सैन्य अफसरों के बीच बातचीत हुई। यह मीटिंग करीब 4 घंटे तक चली और बताया जा रहा है कि इसमें भी कोई खास नतीजा नहीं निकला है। बैठक उसी जगह पर हुई है, जहां दोनों देशों के सैनिक एक-दूसरे से कुछ ही मीटर की दूरी पर हैं। दिल्ली में भी शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के अलावा सेना प्रमुखों से भी मिले। बैठक के दौरान लद्दाख के हालात पर चर्चा हुई। सीमा पर बैठकें 7 सितंबर से जारी हैं। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि बातचीत से इस समस्या का हल निकलेगा, लेकिन यह लंबी प्रक्रिया है। बैठकों का दौर तब शुरू हुआ, जब चीन ने भारतीय इलाके पर कब्जे की कोशिश की थी। लेकिन, भारतीय सेना ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया था।

लद्दाख में चीन पर हावी भारतीय सेना



चीन की इस हरकत के बाद ही भारतीय सेना ने चुशुल के करीब रेजांग ला, लीचेन ला, ब्लैक टॉप, गोस्वामी हिल और अन्य अहम चोटियों पर कब्जा कर लिया था।
पैंगॉन्ग के उत्तरी इलाके में फिंगर 4 से फिंगर 8 तक चीन के सैनिक कई चोटियों पर मौजूद हैं। पहले यहां चीन हावी था। अब फिंगर 4 की ऊंचाई वाली अहम चोटियों पर भारतीय सेना का कब्जा है।
पैंगॉन्ग के दक्षिणी इलाके में भारत से मात खाने के बाद चीन अब उत्तरी इलाके में अपने सैनिक बढ़ा रहा है। यहां नया निर्माण भी किया जा रहा है।
इस इलाके में भारतीय सैनिकों ने उन अहम पोजिशन पर कब्जा कर रखा है, जहां से वह चीन के सैनिकों की हर हरकत पर नजर रख सकते हैं।
भारत ने अगस्त के आखिर में ही ऊंचाई वाले इलाकों पर अपना कब्जा करने के लिए झील के दक्षिण से ऑपरेशन शुरू कर दिया था।
भारतीय इलाकों पर लगातार कब्जे की कोशिश रहा चीन
[illegible] -30 अगस्त की रात चीनी सैनिकों ने पैंगॉन्ग झील के दक्षिणी छोर की पहाड़ी पर [illegible] की कोशिश की थी। लेकिन भारतीय जवानों ने नाकाम कर दी। तभी से दोनों के सैनिक आमने-सामने [illegible] हुए हैं। चीन ने [illegible] की घुसपैठ की कोशिश कर चुका है।
7 सितंबर को दक्षिणी इलाके में चीनी सैनिकों ने भारतीय पोस्ट की तरफ बढ़ने की कोशिश की थी और चेतावनी के तौर पर फायरिंग की थी। यहां पर भारत के सैनिकों ने उन्हें रोक दिया था। इस घटना की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें चीन के सैनिक भाला, रॉड और धारदार हथियार लिए नजर आए।

मध्यप्रदेश में 27 सीटों पर उपचुनाव

कांग्रेस ने 15 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की; फूल सिंह बरैया को भांडेर से टिकट, तुलसी सिलावट के खिलाफ सांवेर से प्रेमचंद गुड्डू उतरेंगे

- गुजरात ने देश के सभी राज्यों को पछाड़कर हासिल की यह उपलब्धि
- 7 क्षेत्रों में प्रदर्शन के आधार पर जारी की जाती है यह रैंकिंग

भोपाल (एजेंसी)।

मध्य प्रदेश में 27 सीटों पर होने वाले उपचुनावों को देखते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को 15 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें फूल सिंह बरैया को भांडेर से टिकट मिला है। वहीं, सांवेर से प्रेमचंद गुड्डू को टिकट दिया गया, जो भाजपा सरकार में मंत्री तुलसी सिलावट के सामने होंगे। चुनाव आयोग ने उपचुनाव की तारीखों का अब तक ऐलान नहीं किया है। बताया जा रहा है कि यह लिस्ट दिल्ली से फाइनल हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ इसके लिए दिल्ली गए हुए थे। भाजपा ने अभी तक एक भी प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। हालांकि, सांवेर से सिलावट का चुनाव लड़ना तय है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मार्च में अपने 22 विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़ दी थी और भाजपा शामिल हो गए थे। इससे कांग्रेस सरकार अल्पमत में आ गई थी। 20 मार्च को कमलनाथ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। 23 मार्च को शिवराज ने सीएम पद की शपथ ली थी। इसके बाद कांग्रेस के तीन और विधायक भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इससे 25 सीटें खाली हो गईं। वहीं, दो सीटें दो विधायकों के निधन की वजह से खाली हो गई थीं।

बैजल ने पालिका परिषद के एकीकृत कमांड और कन्ट्रोल केंद्र का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली (एजेंसी)

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने कहा है कि एनडीएमसी के एकीकृत कमान डिजिटल युग में नागरिक सेवाओं की पहुंच और डिलीवरी की निगरानी और ट्रैकिंग में सुधार करने के लिए नई टेक्नोलॉजीज का एक स्मार्ट पैकेज है। श्री बैजल ने एनडीएमसी के एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह नए डिजिटल युग में नागरिक सेवाओं की पहुंच और डिलीवरी की निगरानी और ट्रैकिंग में सुधार करने के लिए नई टेक्नोलॉजीज का एक स्मार्ट पैकेज है। उन्होंने सुझाव दिया कि नागरिकों के हित में निरन्तर उपयोगी उचित प्रदर्शन के लिए इन उच्च तकनीकी परिसंपत्तियों का रखरखाव नागरिक निकाय द्वारा सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है । उन्होंने पालिका परिषद अध्यक्ष को सुझाव दिया कि वे दिल्ली के अन्य नगर निकायों और एजेंसियों जैसे कि एमसीडी के प्रमुखों को इस तकनीकी विचार को दिल्ली के दूसरे हिस्से में लागू करने के लिए दिखाने को बुलाये। उपराज्यपाल ने नई दिल्ली के मंदिर मार्ग में शेश मैदान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की उच्च मानक सुविधाओं से भी प्रभावित होकर कहा कि यह खेलकूद परिसर किसी भी नागरिक की फिटनेस के लिए ही केवल महत्वपूर्ण सुविधा नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी बनाने के लिए भी एक उपयोगी सुविधा सिद्ध होगी।

पटना में बोले देवेंद्र फडणवीस- सुशांत बिहार के ही नहीं

देश के बेटे थे, चुनाव का नहीं है मुद्दा

नयी दिल्ली(एजेंसी)।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे. यहां पर उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत केस, कंगना रनौत के खिलाफ BMC की कार्रवाई जैसे मुद्दों पर बात की. बिहार चुनाव में बीजेपी के प्रभारी देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुशांत सिंह का मुद्दा चुनाव का मुद्दा नहीं है. वह बिहार के ही नहीं, देश के बेटे थे. देवेंद्र फडणवीस ने इसके साथ ही कंगना रनौत के पीओके वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि मुंबई की पीओके से तुलना नहीं की जा सकती. ऐसा कहना गलता था. महाराष्ट्र के पूर्व सीएम ने कहा कि आम आदमी को लगा कि सुशांत केस की जांच होनी चाहिए. इसी कारण CBI, NCB मामले की जांच कर रही है. पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुशांत की मौत के बाद न्याय मिलने की उम्मीद नहीं लग रही थी, मीडिया के जरिए चीजें सामने आईं, ड्रग्स एंगल भी सामने आया. उन्होंने कहा कि हमारे लिए सुशांत का मुद्दा चुनाव का मुद्दा नहीं है. सुशांत बिहार के ही नहीं, देश के बेटे थे. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बीजेपी कंगना रनौत के साथ खड़ी है. हम उनका समर्थन करते हैं.

- देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सुशांत सिंह का मुद्दा चुनाव का मुद्दा नहीं है. वह बिहार के ही नहीं, देश के बेटे थे. देवेंद्र फडणवीस ने इसके साथ ही कंगना रनौत के पीओके वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी.

रिया जेल में ही रहेंगी

ड्रग्स केस में रिया चक्रवर्ती की दूसरी जमानत याचिका खारिज; कोर्ट ने कहा- यह गंभीर अपराध है और इसकी जांच जरूरी है

मुंबई (एजेंसी)। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में ड्रग्स एंगल सामने आने के बाद गिरफ्तार हुई रिया चक्रवर्ती की जमानत खारिज कर दी गई। उन्हें अब 22 सितंबर तक जेल में रहना होगा। रिया के अलावा, शोविक चक्रवर्ती, अब्दुल बासित, जैद विलात्रा, दीपेश सावंत और सैमुअल मिरांडा की याचिका भी खारिज हो गई। फैसला सुनाते समय जज जेबी गुरव ने कहा कि यह गंभीर अपराध है और इसकी जांच की जरूरत है। कोर्ट के फैसले पर रिया के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा कि ऑर्डर की कॉपी मिलने के बाद हम आगे के कदम उठाएंगे। हम अगले हफ्ते हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। इससे पहले, मुंबई की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को फैसला रिजर्व रख लिया था। 8 सितंबर को मजिस्ट्रेट कोर्ट में जमानत अर्जी खारिज होने के बाद रिया ने मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में अपील की थी। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने रिया को 8 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

- रिया चक्रवर्ती के वकील सतीश मानशिंदे ने कहा- हम अगले हफ्ते हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं

कंगना की विमान यात्रा में उड़ी नियमों की धज्जियां

डीजीसीए ने इंडिगो से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)।

नागर विमानन महानिदेशालय ने 9 सितंबर को चंडीगढ़ से मुंबई जा रहीं कंगना रनोट की फ्लाइट में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी किए जाने पर इंडिगो एयरलाइंस से रिपोर्ट मांगी है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने बताया कि हमने ऐसे कुछ वीडियो देखे हैं जिसमें मीडियाकर्मी 6E264 उड़ान में एक दूसरे से बहुत सटकर खड़े थे। यह सुरक्षा और शारीरिक दूरी के नियमों के उल्लंघन की तरह है। जिस पर इंडिगो एयरलाइंस ने अपना बयान डीजीसीए को दे दिया है। अपने बयान में इंडिगो ने कहा कि जिस फ्लाइट में कंगना रनोट सफर कर रही थी उस पर सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इसके साथ ही इंडिगो ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि हमारे केबिन क्रू और यहां तक कैप्टन द्वारा फोटोग्राफी को प्रतिबंधित करने और शारीरिक दूरी का पालन करने समेत अन्य सभी घोषणाएं की गईं। बता दें कि कंगना रनोट 9 सितंबर को चंडीगढ़-मुंबई उड़ान के दौरान आगे की कतार में बैठी थीं। कई मीडियाकर्मी भी उसी उड़ान में सवार हुए थे। जो कि यह मीडियाकर्मी शारीरिक दूरी का उल्लंघन करते हुए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कर रहे थे। डीजीसीए ने शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए 25 मई को नियम जारी किया था। इसमें कहा गया था कि गंतव्य पर आगमन के बाद यात्री को (विमान से) क्रम से जाने की अनुमति देनी चाहिए ताकि ज्यादा लोग कहीं एकत्र ना हों। गौरतलब है कि इन दिनों

- चंडीगढ़ से मुंबई जा रहीं कंगना रनोट की फ्लाइट में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी किए जाने और शारीरिक दूरी का पालन न किए जाने पर इंडिगो एयरलाइंस से रिपोर्ट मांगी है।

कंगना vs शिवसेना 7वां दिन

यूपी पीसीएस 2018 में पानीपत की अनुज नेहरा ने किया टॉप, Top तीन पर छात्राएं

- उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने शुक्रवार को पीसीएस परीक्षा 2018 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। यह आयोग की बेवसाइट पर है।

प्रयागराज (एजेंसी)।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने लाखों परीक्षार्थियों का इंतजार आज समाप्त कर दिया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार को पीसीएस 2018 के नतीजों की घोषणा कर दी है। प्रदेश की सेवा में 988 पदों के लिए भर्ती परीक्षा में 976 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया है। सूचना अधिकारी और जिला सूचना अधिकारी के 12 पद रिक्त हैं। इन पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों के न मिलने के कारण पदों को कैरी फारवर्ड कर दिया गया है। यूपी पीसीएस 2018 मेंस परीक्षा में सफल 2669 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में बुलाया गया था।

कोविड-19 के बीच में भी 15 जुलाई से 25 अगस्त तक इंटरव्यू हुआ था। 988 पदों पर भर्ती होनी थी। इंटरव्यू 984 पदों के लिए आयोजित किया गया था। सहायक नगर आयुक्त के एक रिक्त पद और लेखाधिकारी (नगर विकास विभाग) के तीन रिक्त पदों का चयन केवल मुख्य परीक्षा के आधार पर होता है। पीसीएस मुख्य परीक्षा अक्तूबर 2019 में आयोजित की गई थी, जिसमें 16738 अभ्यर्थी शामिल हुए थे और इनमें से 2669 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में शामिल होने के लिए सफल घोषित किया गया था। टॉप तीन में छात्राओं का ही कब्जा है। पानीपत की अनुज नेहरा ने टॉप किया तो गुरुग्राम की संगीता राघव दूसरे तथा मथुरा की ज्योति शर्मा तीसरे स्थान पर हैं। चौथे स्थान पर जालौन के विपिन कुमार शिवहरे व पांचवें स्थान पर पटना के कर्मवीर केशव हैं। पदों की भर्ती के मामले में हाल के वर्ष में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की इधर के वर्षों की सबसे बड़ी परीक्षा से प्रदेश को 988 अधिकारी मिलेंगे। इस बार की परीक्षा में शीर्ष तीन स्थान पर जगह पाने वाले उत्तर प्रदेश के बाहर के हैं। अयोग के सचिव जगदीश निधि ने बताया कि परिणाम छात्र-छात्राओं के लिए आयोग कार्यालय में सूचना पट पर भी लगाया गया है।

पीपीएससी ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा यानी पीसीएस-

रिजल्ट याचिका के अधीन

आयोग सचिव जगदीश ने बताया कि जिन चयनितों के आगे प्रोविजनल शब्द अंकित है वे निर्धारित समयावधि में समस्त शैक्षिक दस्तावेज उपलब्ध करा दें, अन्यथा उनका चयन निरस्त कर दिया जाएगा। रिजल्ट हाईकोर्ट में लंबित याचिका में पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।



कोरोना को रोकने का तानाशाही तरीका

नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग उन ने कहा- चीन की तरफ से आने वालों को गोली मार दो, अभी तक यहां एक भी केस की पुष्टि नहीं

वॉशिंगटन(एजेंसी)।

पूरी दुनिया कोरोना महामारी की चपेट में है और अपने-अपने तरीके से लड़ रही है। नॉर्थ कोरिया का मामला सबसे हटकर है। तानाशाह किम जोंग उन ने देश में वायरस की रोकथाम के लिए चीन की तरफ से आने वालों को गोली मारने के आदेश दिए हैं। साउथ कोरिया में तैनात अमेरिकी फौज के कमांडर ने शुक्रवार को ये जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक, नॉर्थ कोरिया की कमजोर स्वास्थ्य सेवाएं महामारी से लड़ने में नाकाम साबित हो रही है। बीमारी के फैलने के बाद से किम ने अब तक देश में एक भी मामले की पुष्टि नहीं की है। इतना ही नहीं, कोरोना को रोकने के लिए नॉर्थ कोरिया ने चीन से सटी सीमा जनवरी में ही बंद कर दी थी। जुलाई में नॉर्थ के अधिकारियों ने कहा था कि इमरजेंसी को सर्वोच्च स्तर तक ले जाया गया है। नॉर्थ कोरिया और चीन मित्र देश हैं। किम कई बार ट्रेन से चीन जा चुके हैं। नॉर्थ बड़ी मात्रा में चीन से सामान इम्पोर्ट करता है।

- चीन और नॉर्थ कोरिया मित्र देश हैं, किम कई बार चीन जा चुके हैं, प्रतिबंधों के चलते चीन से ही काफी आयात होता है
- नॉर्थ कोरिया के गोली मारने के आदेश जानकारी साउथ कोरिया में तैनात अमेरिकी कमांडर ने दी

संक्षिप्त समाचार

आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव में राजद गठबंधन की ही सरकार बनेगी

समस्तीपुर.ओपन सर्च। को शारदा ज्ञान निकेतन स्कूल के परिसर में दलसिहसराय प्रखंड व नगर राजद महिला सेल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया द्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राजद महिला सेल की अध्यक्ष पिंकी राय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में महंगाई , बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। साथ ही साथ महिलाओं की सुरक्षित नहीं है। इन सब मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की काम करेंगे द्य उन्होंने कहा कि आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव में राजद गठबंधन की ही सरकार बनेगी द्य श्री तेजस्वी प्रसाद यादव में अपार संभावनाएं है , युवा है , जागरूक है, समाज के सभी तबकों को साथ लेकर चलने की क्षमता है. जमीनी हकीकत को समझते हैं बिहार की समस्याओं के प्रति गंभीर है।

दूसरे दिन सिर्फ 24 शस्त्र सत्यापन

कोटवा (पूर्वी चंपारण)। आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर थाना परिसर में हो रहे शस्त्र सत्यापन दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा।शुक्रवार को 24 शस्त्रों का सत्यापन किया गया। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह सीओ इन्द्रासन साह ने बताया कि पहले दिन सिर्फ 9, दूसरे दिन 24 शस्त्रों का सत्यापन किया गया।थानाक्षेत्र में कुल 78 शस्त्र है।शनिवार तक शस्त्र सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार , सीआई रामअवतार साह आदि उपस्थित थे।

ग्रामीण चिकित्सकों का डब्ल्यूएचओ के द्वारा कार्यशाला का आयोजन

मोतिहारी.ओपन सर्च

सदर प्रखंड अंतर्गत लखौरा क्षेत्र के सभी ग्रामीण चिकित्सकों का डब्ल्यूएचओ के द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में बच्चों में पोलियो के लक्षण वाले बच्चों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही वैश्विक महामारी कोविड-19 के लक्षण एवं बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। वही बैठक को सम्बोधित करते हुए आईडीएसपी के जिला समन्वयक डॉ राहुल राज के द्वारा प्रदूषण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर डब्लूएचओ प्रखण्ड प्रतिनिधि राकेश कुमार, ग्रामीण क्षेत्र के डॉक्टर आशुतोष कुमार डॉ मनोहर कुमार डॉक्टर के के गुप्ता डॉ विनोद कुमार डॉ विनय कुमार सहित क्षेत्र के सभी ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित हुए।

कोरोना योद्धा सम्मान से पुरस्कृत हुए चंपारण के मधुरेन्द्र, मानवाधिकार टुडे ने दी बधाई

मोतिहारी .ओपन सर्च

दुनियां में कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ने के कारण तबाही मची हुई हैं। कोरोना काल में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कुशल कार्य करने वाले सभी कोरोना योद्धाओं को सरकारी, गैरसरकारी संस्थाओं व सामाजिक संगठनों ने सम्मानित कर रहीं हैं। इसी कड़ी में जिले में बचाव व राहत कार्य में अपनी कला से लोगों को जागरूक कर प्रशंसनीय योगदान के लिए शुक्रवार को हाजीपुर स्थित ऑफिस में आयोजित शोशल डिस्टेंसिंग कार्यक्रम के दौरान मानवाधिकार टुडे टीम ने पूर्वी चंपारण जिले के बिजबनी घोड़ासहन निवासी विश्वविख्यात सैंड आर्टिस्ट मधुरेन्द्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देने के साथ ही बधाई दी है। उक्त अवसर पर दर्जनों डॉक्टर, नर्स, अधिकारियों, कर्मचारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयाद्य बता दें कि वही भारत में मार्च से लॉकडाउन लागू किया गया। ये लॉकडाउन बीमारी की रफ्तार तेज होने के साथ ही लगातार बढ़ता गया। इस कड़ी में प्रवासी मजदूरों को मेडिकल के बाद घर पहुंचाने के लिए अलग-अलग डॉक्टरों, नर्सें, अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इन कर्मचारियों ने कोरोना योद्धा के रूप में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहीं हैं।मौके पर मानवाधिकार टुडे के संस्थापक शशिभूषण कुमार, आहान न्यूज के संपादक मनीष कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शशिभूषण सिंह, वकील राजेश रंजन बक्शी, समाजसेवी विवेकानंद कश्यप, बबलू सिंह समेत दर्जनों लोगों ने सैंड आर्टिस्ट मधुरेन्द्र की कार्यो की सराहना करते बधाई दी।

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर जागरूकता

जिलाधिकारी के सपने को साकार करें, स्वच्छ चम्पारण का निर्माण करें- अवधेश गुप्ता

मोतिहारी.ओपन सर्च

आगामी विधानसभा चुनाव की सफलता को लेकर पारा विधिक स्वयंसेवक सह वीएलई अवधेश कुमार गुप्ता ने सुगौली शहर के विभिन्न स्थानों में मतदाता सूची में नाम जोड़वाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए पीएलवी सह वीएलई अवधेश कुमार गुप्ता ने लोगों से अठारह वर्ष के हो चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीत और हार एक वोट के आधार पर होता हैं, इसलिये आप सभी लोग अपने बच्चों, रिश्तेदारों, अठारह वर्ष की हो चुकी अविवाहित महिलाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़वाने को लेकर जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति हमलोग अक्सर गलती कर बैठते हैं, जब सरकार के द्वारा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर अभियान चलाया जाता हैं, तो उस वक्त हमलोग फायदा नही उठाते हैं और जब चुनाव के समय मतदान करने की बारी आती हैं, उस समय हमलोग अफसोस करते हैं। इसलिए आप सभी लोग अपने अपने बूथ स्तरीय कर्मी बीएलओ से मिलकर अपना व अपने परिजनों का नाम, समय रहते अवश्य जोड़वा ले, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में मताधिकार का अधिकार आपको मील सके। उन्होंने कहा कि हमारे जिलाधिकारी, हम चम्पारण वासियों की भलाई के दीन-रात एक किये हुए हैं, ताकि हम चम्पारण वासियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकरी योजनाओं का लाभ हमसब को मिल सके। उन्होंने कहा कि अपने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का सहयोग करें एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं सीधा लाभ उठायें। इसके साथ ही उन्होंने कोविड 19 से बचाव, स्वच्छता, पशुपालन को बढ़ावा देने व लोक अदालत से मिलने वाले लाभ की जानकारी दी।

नावी मौसम में 295 करोड़ का तोहफा बिहार के साथ धोखा - सीपीआईएम, पीएम की घोषणाएं महज चुनावी जुमला

पटना.ओपन सर्च। 10 सितम्बर को प्रधानमंत्री द्वारा बिहार में 295 करोड़ रूपये के परियोजनाओं का शिलान्यास, बिहार की जनता की आँखों में धूल झोंकने एवं चुनाव के अवसर पर लालीपॉप के जरिये रिझाने की कोशिश है। इन घोषणाओं से बिहार की जनता को दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है। भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बिहार राज्य कमिटी के सचिव अवधेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त बातें कही है।

उन्होंने कहा कि आज जबकि बिहार की जनता प्रधानमंत्री द्वारा घोषित सवा लाख करोड़ के विशेष पैकेज एवं नीतीश कुमार द्वारा बिहार को विशेष दर्जा दिलाने के बारे में सवाल खड़ा कर रही है, उस समय इस तरह की ओछी राजनीति का जवाब देने के लिये बिहार की जनता ने मन बना लिया है।

उन्होंने कहा कि पीएम ने बिहार की लीची, मखाना, जर्दालू आम आदि की चर्चा करते हुए इन स्थानीय उत्पादों को विश्व स्तरीय ब्राँड बनाने की बातें कही है। बिहार की जनता जानना चाहती है कि पिछले 15 वर्षों के शासन काल में इन स्थानीय उत्पादों के लिये बिहार की भाजपा-जद(यू0) की सरकार ने क्या किया?

बिहार की जनता राज्य की वर्तमान जनविरोधी सरकार की चौतरफा असफलताओं के साथ-साथ नीतीश कुमार एवं केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा बिहार के साथ किये गये विश्वासघात का भी हिसाब लेगी।

वेब कवि सम्मेलन हुआ भव्य आयोजन

मोतिहारी.ओपन सर्च

महात्मा गांधी सार्द्धशती के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार द्वारा वेब कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों की काव्य अभिरुचि से सजे इस कवि सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. संजीव कुमार शर्मा, कुलपति, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. ए. डी. एन. बाजपेयी, पूर्व-कुलपति, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला एवं सदस्य, महात्मा गांधी 150वीं जयंती समारोह समिति, भारत सरकार थे। तथा विशिष्ट अतिथि एवं आमन्त्रित कवि के रूप में सुप्रसिद्ध कवि प्रो. अशोक बत्रा जी थे।अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि निरन्तर अभ्यास से कविता में निखार आती हैं। यह देखा गया है कि कविता को पढ़ते समय उसके गद्य और पद्य में भेद करना कठिन होता है। प्रो. बत्रा ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत कविता की समालोचना भी की और अनेक प्रतिभागियों की रचनाओं को उत्कृष्ट बताया।कार्यक्रम में

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं प्रतिभागी के रूप में अपनी मौलिक काव्य रचना का पाठ किए। जिसमें %बहुत दूर तक जाना है..., मत डरों कोरोना जैसी बीमारी से...., सत्य अहिंसा पर केंद्रित कविता..., मजदूरों पर केंद्रित, माँ, गांधी, बेटियां, मानवता सहित राष्ट्रीयता से ओत-प्रोत कविता से श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। अतिथियों ने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत कविता की प्रस्तुति, अंतर्वस्तु और शिल्प की सराहना की। प्रतिभागियों में रश्मि, सुधांशु, राज, पल्लवी, ऋचा,रितेश, आलोक, राहुल, संदीप, सोनाली, मनीष, स्मारिका, कुमार मौसम, विनय, रागिनी, अंचला, दीपा, संकल्प, राजेश, विदुषी प्रमुख थेद्य शिक्षकों में डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव, डॉ. असलम खान और डॉ. श्याम कुमार झा ने भी अपनी मौलिक कविता का पाठ किए। कवि सम्मेलन का आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद प्रकाश अध्यक्ष, महात्मा गांधी सार्द्धशती समारोह समिति और प्रबंध एवं वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पवनेश कुमार, सचिव, महात्मा गांधी सार्द्धशती समारोह समिति के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कवि सम्मेलन के संयोजक डॉ. बिमलेश कुमार, विभागाध्यक्ष , अंग्रेजी विभाग एमजीसीयूबी एवं डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, सहायक आचार्य, मीडिया अध्ययन विभाग ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया।कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन आयोजन समिति के सदस्य डॉ. अभय विक्रम सिंह, सहायक आचार्य गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग ने किया और डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, सहायक आचार्य कार्यक्रम से विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी के साथ देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं साहित्यिक अभिरुचि के सैकडों लोग जुड़ें । कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्विद्यालय के शिक्षक मीडिया अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. त्रिलोचन शर्मा, डॉ. एम विजय शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह, अधिकारीगण, पीआरओ शेफालिका मिश्रा एवं सिस्टम एनालिस्ट दीपक दिनकर आदि की सक्रिय भूमिका रहीं।

मुझे गर्व है कि मैं एक किसान का बेटा हूं - डॉ. जनार्दन प्रसाद यादव

मोतिहारी.ओपन सर्च

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बिहार के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जिले के चयनित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत एआई टेक्नीशियन से सीधा संवाद किया। इस दरम्यान शहर के राधा कृष्ण भवन में पूर्वी चंपारण जिला के कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन की प्रथम सूची में चयनित छौड़ादानो प्रखण्ड के धरहरी पशु सेवा केंद्र के डॉक्टर जनार्दन प्रसाद यादव ने भी मोदी की बातों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुना। इस संबंध में पूछे जाने पर कि मोदी जी का भाषण सुनकर आपको कैसा लगा? उन्होंने कहा कि मोदी जी का भाषण सुनकर मैं काफी खुशी व गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। कहा कि जो लोग कृषि और पशुपालन को हे- दृष्टि से देखते हैं वैसे लोगों को यही लोग पशुपालन और कृषि इस वैश्विक महामारी कोरोना में पूरे देश की प्रतिष्ठा बचाए रखा है।यही लोग रोजी-रोजगार का एक साधन दिए हैं। कहा कि मुझे गर्व है कि मैं एक किसान व पशुपालक का बेटा हूं। गौरतलब हो कि डॉ.जनार्दन अपने

क्षेत्र के जाने-माने लयबद्ध प्रतिष्ठित पशु चिकित्सक हैं। ये करीब 25 वर्षों से कृत्रिम गर्भाधान तथा पशु उपचार की सेवा किसानों को देते आ रहे हैं।

जुट मिल चालू करा कर सांसद ने पूरा किया अपना वादा - नीरज, जिलावासियों ने दी सांसद को बधाई

समस्तीपुर.ओपन सर्च

प्रदेश लोजपा अध्यक्ष सह समस्तीपुर के सांसद प्रिंस राज के अथक प्रयास से समस्तीपुर जुट मिल चालु होने के खबर से पुरे जिले मे खुशी का आलम हैं। लोजपा कार्यकर्ताओं सहित जिलावासियों ने अपने सांसद को धन्यवाद के साथ बधाई दिया है।

इस बाबत जानकारी देते हुए लोजपा जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज ने कहा कि सांसद श्री राज ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बताया कि विगत लोकसभा चुनाव 2019 में समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र में बंद जूट मिल चालू कराना मुख्य मुद्दा था। यह एक चुनौती भी थी।

संसद में अपने पहले संबोधन में बंद पड़े जुट मिल को चालु कराने के मुद्दे को मजबूती के साथ रखा। जिसका नतीजा हुआ केंद्र सरकार ने इसे बड़ी गंभीरता से लिया और जूट मिल के सुचारू संचालन के लिए तकनीक समस्या के दुर किय [illegible] जिसका परिणाम हुआ कि मिल [illegible] अ दि [illegible]मिल है। मेंटेनेंस का काम आरंभ हो गया। श्री भारद्वाज ने बताया कि हमारे सांसद निरंतर जुट मिल प्रबंधक से सम्पर्क रहने के कारण शीघ्र ही मिल का सायरन बजेगा और प्रोडक्शन का भी काम चालू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि जुट मिल चालु होने से समस्तीपुर जिला वासियों के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। जुट मिल के चालू होने की उम्मीद जागते ही मिल के कामगारों सहित मिल के इर्द-गिर्द के लोगों मे जबरदस्त उल्लास एवं खुशी का आलम है।

जुट मिल चालु कराने के लिए हर्ष जताते हुए सांसद प्रिंस राज को बधाई देने बालों में लोजपा नेत्री रविता तिवारी, जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर राय, जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, उमाशंकर मिश्रा, विनय चौधरी, रवि शंकर सिंह, रीता पासवान, रीना सहनी, राजीव दास, राजकिशोर हजारी, अरविन्द पासवान, रामवली महतो, बंटी [illegible]यसवाल, [illegible]नंजी कुमार सिंह, [illegible]

एनीमिया बचाव को लेकर साईकिल रैली आयोजित

मोतिहारी.ओपन सर्च

किशोरियों को स्वस्थ्य बनाना है, एनीमिया दूर भागना है के नारे के साथ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और चैंपियन परियोजना से जुड़े हुए महिला पंचायत जन प्रतिनिधि मुनचुन खातून पंचायत एकदरी द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के मौके पर दिनांक 11 सितम्बर, 2020 को पूर्वी चंपारण जिले के छौरादानो में जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली का आयोजन राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट संस्थान सेंटर फॉर कैटेलाईजिंग चेंज के द्वार संचालित चैंपियन परियोजना के अंतर्गत किया गयाद्य रैली प्रखंड कार्यालय से निकल कर एकदरी होते हुए पुन- प्रखंड मुख्यालय परिसर पहुंचा। इस अवसर पर श्री मती रम्भा कुमारी, सी डी पी ओ, छौरादानो बताया की सामूहिक प्रयासों की बदौलत ही एनीमिया पर नियंत्रण संभव है। सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाते हुए व्यापक [illegible] एनीमिया नियंत्रण के लिए हमें अपने सोच के स्तर पर, सामाजिक स्तर पर और व्यवहार परिवर्तन के जरिए क्रांतिकारी कदम उठाना होगा।

उन्होंने कहा कि पंचायत और प्रखंड स्तर पर भी जागरूकता का आयोजन किया जाना आवश्यक है। कहा कि थोड़ी सी भी जानकारी हमें बड़ी परेशानियों से मुक्ति दिला सकती है। जागरूकता के जरिए हम एनीमिया से बचाव कर सकते हैं।महिला वार्ड सदस्यों ने इस अवसर पर बताया की एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक [illegible] सामान्य से कम लाल रक्त [illegible] होती हैं या हीमोग्लोबिन की कम मात्रा होती है। इससे खून के द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता कम हो जाती है और कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। कई मामलों में मृत्यु तक हो जाती है। जिस देश में 40 फीसदी से अधिक आबादी एनीमिया से ग्रसित हो तोयह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या तो है ही। यहां यह बता देना भी जरूरी है कि महिलाओं और बच्चों में एनीमिया भारत में आधी सदी से एक बड़ी समस्या बनी हुई है।रैली कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपने हाथों में तकथी भी ले रखी थी जिसमे स्लोगन और नारे के माध्यम से एनीमिया के कारण एवं बचाव के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया।चैंपियन परियोजना में शामिल वार्ड सदस्यों को यह आशा है की वे इन सामुदायिक गतिविधियों एवं परिचर्चाओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को एनीमिया के कारण एवं इससे बचाव संबंधी विषयों पर समुदाय, परिवार एवं महिलाओं को जागरूक कर संतुलित भोजन ग्रहण करने के लिए प्रेरित कर पायेंगे एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं आने वाले बच्चों में कुपोषण की समस्या को हमेशा के लिए मिटा पायेंगे. ।

opensearch

अस्पताल नही बनने से युवा सहित ग्रामीण आक्रोशित

हॉस्पिटल नहीं तो वोट नहीं : युवा

नावकोठी.ओपन सर्च

प्रखण्ड क्षेत्र के पहसारा बभनगामा में 21 वीं सदी के अस्पताल विहीन गांव बना हुआ है। बभनगामा के ग्रामीण को उपचार के लिए लगभग 10 किलोमीटर दूर मझौल या फिर 20 किलोमीटर दूरी तय करके, बेगूसराय का शरण लेना पड़ता है। ग्रमीणों ने कहा कि यहा जमीन रहने के बाद भी अस्पताल का निर्माण नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि रोग ग्रसित लोगो का उपचार सम्भव हो, इसलिए इस गांव में एक सरकारी अस्पताल का निर्माण होना अति-आवश्यक है। जहां निशुल्क चिकित्सा का वयवस्था हो सकें । हमारे पूर्वज स्व.रामजी सिंह के द्वारा लगभग 6 कट्ठा ज़मीन 40 साल पहले दिया गया है,अभी तक अस्पताल का निर्माण तो क्या एक ईंट भी अस्पताल के नाम पर नही लगया गया है। यह जमीन एक राजनीतिक मोहरा बनकर रह गया है। जितने भी नेता आते हैं। सभी सिर्फ अस्पताल बनाने का आश्वासन देकर वोट लेते है और चले जाते हैं। बभनगामा के युवा ने शपथ लिया और कहा कि आज युवा के द्वारा यह सपथ लिया जाता है कि इस बार ÷हॉस्पिटल नहीं , तो वोट नहीं÷ नारा युवा के साथ वह मौजूद ग्रामवासियों ने भी लिया है । मौके पर बिपुल कुमार, अंकित मिश्रा, मृत्युंजय कुमार, रंजन मिश्रा, गौतम कुमार, सूरज ,मुन्ना,लाटो सिंह, टिरो महतो, राम विनय महतो, श्याम किशोर सिंह, गोविंद झा, राजो ठाकुर, शोभाकांत झा आदि लोग मौजूद थे।

नदी में डूब कर 14 वर्षीय लड़के की हुई मौत

मोतिहारी .ओपन सर्च

पताही थाना क्षेत्र के बेलाहीराम पंचायत के बेलाहीराम गांव स्थित में शुक्रवार को नहाने के दौरान 14 वर्षीय लड़के की डूबकर मौत हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय पताही थाना में दी गई, सूचना मिलते हैं थाना अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से काफी छानबीन के बाद लड़के का शव पानी से निकाला गया। थाना अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद ने बताया कि बेलाहीराम गांव निवासी उमेश शाह के 14 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार जो 1 बजे के करीब नदी में स्नान करने गया था । स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब कर मौत हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से काफी छानबीन कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दी गई है।

प्लुरल्स पार्टी ने बड़हारा , लक्ष्मीपुर ,जगदर समेत विभिन्न गांवो मे चलाया सदस्यता अभियान

वीरपुर ।प्लुरल्स पार्टी ने संगठन की मजबूती को लेकर वीरपुर प्रखंड के विभिन्न गांवो मे सदस्यता अभियान चलाया ।प्लुरल्स पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आविद के नेतृत्व प्रखंड के बड़हारा , लक्ष्मीपुर ,जगदर समेत विभिन्न गांवो मे जन सदस्यता अभियान चलाया गया ।जिसमे सैकड़ो की संख्या मे लोगो ने प्लुरल्स पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आविद ने बताया कि सदस्यता अभियान के साथ साथ जनता की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित कर उस पर पहल की जा रही है। बहुत कम समय में यह पार्टी काफी लोकप्रिय बन गयी है । पार्टी का मुख्य उद्देश्य जनता की हर समस्याओं पर पहल कर निदान करवाना ।प्लुरल्स पार्टी की नीति एवं कार्यक्रम से प्रभावित होकर बड़ी संख्या मे लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं ।मौके पर संजय कुमार , अमलेश कुमार , बिन्दु कुमारी , मोहम्मद तौसिफ समेत सैकड़ो ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

शिक्षा सुधार, बनाये बटन दबाने का पहला आधार

मोतिहारी.ओपन सर्च

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ढेकहा बाजार पर रालोसपा पार्टी ने शिक्षा सुधार बनाये बटन दबाने का पहला आधार कार्यक्रम के अंतर्गत मशाल जुलूस, नुकड़ सभा, मोटरसाइकिल जुलूस निकाल कर जनजागरूकता किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोसपा प्रदेश अध्यक्ष, चिकित्सा प्रकोष्ठ ड़ॉ दीपक कुमार ने किया ।उन्होंने यह बता कि रालोसपा पार्टी का प्रमुख मुद्दा शिक्षा सुधार है इसको जन जन तक पहुचने के लिए पार्टी 7 सितंबर से 13 सितंबर तक जनजागरूकता कार्यक्रम कर रही है, जिसका समापन बिहार के राजधानी पटना के गांधी मैदान में 13 तारिक को होगा जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा भी भाग लेंगे।नुकड़ सभा एवं जुलूस को संबोधित करते हुए चिकित्सा प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ श्री कुमार ने बताया कि रालोसपा पार्टी के प्रमुख मेनिफेस्टो में शिक्षा सुधार प्रथम पंक्ति में है, इसलिए इस कार्यक्रम को रखा गया है, पार्टी का मानना है कि वोट देने के पहले लोग बहुत सारे मुद्दे पर विचार करते है, उसमे शिक्षा प्रथम आधार बने । इसलिये इस कार्यक्रम का नाम है, शिक्षा सुधार- बटन दबाने का पहला आधार ।डॉ श्री कुमार ने कहा कि रालोसपा पार्टी पिछले 4 साल से सरकार को शिक्षा सुधार हेतु पच्चीस सूत्री मांग से अवगत करा रही है, परंतु नितीश कुमार की गूंगी बहरी सरकार ने अब तक कोई संज्ञान नही लिया है, जिसके कारण बिहार के छात्रों का भविष्य अंधकारमय है । ड़ॉ श्री कुमार ने कहा कि महागठबंधन की सरकार आयेगी जिसमे रालोसपा भागीदार होगी तब इस 25 सूत्री योजना को लागू किया जाएगा।

डुमरिया में जन-अधिकार पार्टी की हुई बैठक विपक्ष एवं सत्तापक्ष पर उठाए सवाल

नावकोठी। प्रखंड क्षेत्र के रजाकपुर पंचायत के डुमरिया समुदाय भवन पर जनअधिकार पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति नंदकिशोर पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने विभिन्न दलों को छोड़कर जन अधिकार पार्टी में शामिल हुए । इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि युवाशक्ति जिलाअध्यक्ष अंजय पासवान एवं जिला उपाध्यक्ष हेमंत कुशवाहा ने कहा कि बिहार को बचाने के लिए अभी वक्त है ,उन्होंने ने कहा कि बिहार की जनता विपक्ष एवं सत्तापक्ष के कामो को देख चुकी है । 30 साल के अंदर अब बिहार की जनता नए विकल्प के रूप में पप्पू यादव को एक बार बिहार की बागडोर देना चाह रही है ।

दिल्ली में बिना सरकार की अनुमति के स्कूल नहीं बढ़ा सकेंगे फीस : मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली.ओपन सर्च
दिल्ली में अब कोई भी निजी या सरकारी स्कूल बिना सरकार की मंजूरी के फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। फीस बढ़ोतरी को लेकर अभिभावकों से मिली शिकायत के बाद दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। बृहस्पतिवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि किसी भी निजी स्कूल को फीस बढ़ाने की इजाजत नहीं है। संस्कृति स्कूल को पूर्व में दी गई अनुमति वापस लेने की घोषणा करते हुए सिसोदिया ने यह भी कहा कि इस मामले में केजरीवाल सरकार किसी के भी दबाव नहीं झुकेगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय संस्कृति स्कूल चाणक्यपुरी के कुछ अभिभावकों से मिली गंभीर शिकायतों के आधार पर लिया गया है। दिल्ली सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान सिसोदिया ने कहा कि पहले भी अभिभावकों के

कई समूहों ने उनसे और मुख्यमंत्री से मिलकर संस्कृति स्कूल द्वारा दोगुनी फीस वृद्धि का आरोप लगाया गया था।

मनीष सिसोदिया के अनुसार संस्कृति स्कूल की फीस में लगभग 75 फीसद की वृद्धि पूर्णतया गलत है। इसलिए मुख्यमंत्री केजरीवाल के साथ विचार.विमर्श के बाद संस्कृति स्कूल में किसी भी प्रकार की फीस वृद्धि पर पूरे तरीके से रोक लगा दी गई है। सिसोदिया के अनुसार इस संबंध में कुछ चीजों की अनदेखी करके पूर्व में दी गई अनुमति को भी वापस ले लिया गया है। सिसोदिया ने कहा कि स्कूलों में जीएएपी नामक प्रणाली के तहत एकाउंटिंग और ऑडिट की विशेष प्रणाली का पालन करना जरूरी होता है। लेकिन संस्कृति स्कूल ने इसका पालन नहीं किया।सिसोदिया ने कहा कि हर स्कूल को स्थापना की अनुमति तभी मिलती है जब उसके पास स्टाफ के लिए तीन माह का वेतन फिक्स डिपोजिट हो। लिहाजाए अब उस राशि के लिए फीस बढ़ाने की मांग अनुचित है क्योंकि वह राशि तो स्कूल की स्थापना के समय से ही फिक्स डिपोजिट के रूप में जमा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा गठित अनिल देव सिंह कमेटी ने वर्ष 2010 से 2012 तक निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से बढ़ाई गई फीस की राशि वापस कराई थी। अब संस्कृति स्कूल चाहता है कि उस लौटाई गई राशि को स्कूल के खर्च के रूप में दिखाकर बच्चों से उसकी वसूली की जाए। जबकि पहले ज्यादा वसूली गई राशि को खर्च के तौर पर दिखाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मनीष सिसोदिया ने कहा कि डेवलपमेंट फंड को भी अलग एकाउंट में जमा करने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है। इन वजहों से संस्कृति स्कूल को फीस बढ़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कोरोना के कारण वैसे भी ट्यूशन फीस के अलावा अन्य राशि वसूलने पर रोक लगी है। इसके बावजूद संस्कृति द्वारा फीस बढ़ाने के कारण अभिभावक परेशान हैं। उनके अनुसार अभिभावकों ने बताया कि उक्त स्कूल के पक्ष में बड़े.बड़े लोगों की तरफ से काफी दबाव आ रहा है। लेकिन केजरीवाल सरकार किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगी। आज विचार विमर्श में केजरीवाल ने साफ शब्दों में कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार हर हाल में बच्चों और अभिभावकों के साथ खड़ी रहेगी।

जनमतः कंगना रानौत को मिल रहा है चौतरफा जनसमर्थन,हर कोई बोला नहीं होना चाहिए था

नई दिल्ली। बालिवुड की मशहूर एक्ट्रेस कंगना रानौत ने बालिवुड को एक से बढ़कर एक फिल्में दी है उनमें से उनकी फिल्म मणिकर्णिका मे उनके रानी लक्ष्मीबाई के दमदार किरदार की काफी सराहना हुई। ये बात तो रीयल लाइफकी रही लेकिन जब बात रीयल लाइफमे किरदार की आयी तो कंगना यहां भी बोल्ड नजर आयी। सुशांत मर्डर केस मे सीबीआई द्वारा जांच की मांग का बेबाकी से दिये बयान से जहां महाराष्ट्र सरकार के लिए समस्या खड़ी कर दी वहीं बालिवुड मे बड़े पैमाने पर ड्रग का उपयोग का राज खोलने से पर्दे के पीछे कि हकीकत सामने आ गयी कि किस तरह पूरा का पूरा बालिवुड नशे की गिरफ्त मे है। कंगना के इस तरह के बयान से महाराष्ट्र सरकार सकते मे आ गयी और बाकायदा महाराष्ट्र विधानसभा मे सर्वसम्मति से कंगना के खिलाफ उचित कारवाई का प्रस्ताव पारित किया गया और आनन फानन मे बीएमसी ने अवैध निर्माण का हवाला देकर अपना हथौड़ा कंगना के आफिस पर चला दिया।

जनता का क्या कहना है इस मुद्दे पर हमने यह जाना। युवा मनीष जैन जो पत्रकारिता के छात्र रहे हैं कहते हैं सोशल मीडिया पर महाराष्ट्र सरकार के एकतरफा और आनन फानन मे की गयीं कार्रवाई की भरपूर निंदा हो रही है और यह भी कहा जा रहा है कि ऐसे निर्णय अभिव्यक्ति की आजादी का बलपूर्वक दमन है जो कि एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए घातक है।

गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल कालका जी की नई टीम ने कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधीन चलाये जा रहे गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल कालका जी की नई टीम बनाई गई जिसमें समाजसेवी स. सतनाम सिंह को स्कूल का चेयरमैन और कमलजीत सिंह परदेसी को मैनेजर बनाया गया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा और महासचिव हरमीत सिंह कालका द्वारा स्कूल के प्रबंध को सुचारू ढंग से चलाने के लिए काबिल और बुद्धिजीवी लोगों को स्कूल के प्रबंधकीय बोर्ड में शामिल कर सेवाएं सौंपी जा रही हैं। इसी कड़ी में आज कालका जी स्कूल के प्रबंध की जिम्मेवारी स. सतनाम सिंह को सौंपते हुए उन्हें स्कूल का चेयरमैन और कमलजीत सिंह परदेसी को मैनेजर की सेवा के रूप में चार्ज सौंपा गया। स. हरमीत सिंह कालका द्वारा स्वंय पहुंच कर नये पदाधिकारियों को सिरोपा देकर स्वागत किया गया और उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल के प्रिंसिपल और स्टाफ सदस्यों के साथ तालमेल रख कर स्कूल को चढ़दीकला में ले जाने के लिए सहयोग देंगे। इस मौके पर कालका जी इलाके की गणमान्य शख्सीयतें और अकाली दल वर्कर भी शामिल हुए।

महिलाओं को बदनाम करने वालों को पहले अपने गिरेबान में झांकने की जरूरत

नई दिल्ली। स्त्री अकाली दल दिल्ली इकाई की महिलाओं द्वारा जागो पार्टी के नेताओं द्वारा बीबी रणजीत कौर के अक्स को नुकसान पहुंचाने वाले बेतुके बयान की सख्त शब्दों में निंदा करते हुए जागो पार्टी के अध्यक्ष मनजीत सिंह जी.के को चेतावनी दी है कि वह चमन सिंह जैसों को गुमराह करने वाले बयान देने से रोकें। स्त्री अकाली दल दिल्ली इकाई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीबी दलबीर कौर, सुरबीर कौर और बलजीत कौर ने कहा कि स. मनजीत सिंह जी.के बीबी रणजीत कौर की कार्यशैली से भलिभांति परिचित हैं और उन्हें पता है कि दूसरी बार अकाली दल की जीत में बीबी रणजीत कौर का अहम रोल रहा था क्योंकि उन्हें अकाली दल ने दिल्ली कमेटी की सेवा मिलने के बाद मॉइनोरिटी सेल की सेवा सौंपी थी और रणजीत कौर ने पूरी मेहनत और इमानदारी से सेवा निभाई और दिल्ली कमेटी जहां 32 लाख रूपये की राशि केवल दिल्ली सरकार से लेकर बच्चों की फीस माफ करने के लिए देती थी उसे 72 करोड़ तक बीबी रणजीत कौर और उनकी टीम ने लेकर दिया। मनजीत सिंह स्वंय भी स्टेज पर बीबी रणजीत कौर की प्रशंसा करते नहीं थकते थे। म्हिलाओं ने कहा कि बीबी रणजीत कौर दिल्ली कमेटी में सेवा निभाते हुए भी शिक्षक के फर्ज को नहीं भूले और वह निरंतर बच्चों को पढ़ाते रहे। दिल्ली दिल्ली कमेटी अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा व महासचिव हरमीत सिंह कालका द्वारा उनकी डयूटी गुरू नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व की तैयारियों में लगाइ गई तो कई कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भूमिका रही और उनकी मेहनत से यह सभी कार्यक्रम सफल हुए। कोरोना काल के दौरान भी नये सैशन में जब से आनलाइन कक्षाएं शुरु हुई तो उनके द्वारा बच्चों को रोज कक्षाएं दी जा रही हैं

झुग्गी वालों को तमाम सुविधाओं के साथ पक्के मकान बनाकर देगी भाजपा सरकारः रामवीर सिंह बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' योजना के तहत दिल्ली के प्रत्येक झुग्गी वाले को बिजली, पानी, स्कूल, डिस्पेंसरी, पार्क आदि तमाम नागरिक सुविधाओं के साथ पक्के मकान बनाकर देगी। बिधूड़ी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का विजन यह है कि झुग्गी वाले झुग्गियों में ही रहें और नारकीय जीवन जीते रहें जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का विजन यह कि झुग्गी-झोंपड़ियों में रहने वालों को न केवल पक्के मकान मिलें, बल्कि हर जरूरी सुविधा भी मिले। इसी सोच के तहत बीते छह साल में केंद्र सरकार के तहत आने वाले डीडीए ने कालका जी में झुग्गी वालों के लिए 3000 मकान बनाकर तैयार कर दिए हैं जबकि कठपुतली कालोनी में 2800 फ्लैट तथा जेलर वाला बाग, अशोक विहार में 1775 फ्लैट बनकर तैयार होने वाले हैं।

साउथ एमसीडी ने 32 शिक्षकों को 'निगम टीचर्स अवॉर्ड' से किया सम्मानित

नई दिल्ली। साउथ एमसीडी के शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षा में उत्कृष्ठ योगदान देने के लिए 32 शिक्षकों को 'निगम टीचर्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया। इस असवर पर बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव अरूण सिंह, पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, निगम की महापौर अनामिका, अध्यक्ष स्थाई समिति राज दत्त गहलोत, नेता सदन नरेंद्र चावला, आयुक्त ज्ञानेश भारती, शिक्षा समिति अध्यक्ष मुकेश सूर्यान एवम अन्य अधिकारियों ने शिक्षा विभाग और निगम शिक्षकों द्वारा किए कार्यों की सराहना की। अवॉर्ड समारोह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नई शिक्षा नीति पर देश को किए गए संबोधन के साथ शुरू किया गया। कुल 32 शिक्षकों में 3 प्रधानाध्यापक, 26 प्राथमिक शिक्षक, 2 नर्सरी शिक्षक और 1 स्पेशल फिजिकल शिक्षक थे जिन्हें 10000 रुपए नगद, मिमेंटो एवम प्रशस्ति पत्र दिया गया।

गाजीपुर लैंडफिल साइट की ऊंचाई अगले साल 30-40 फीट कम होने की उम्मीदः गौतम गंभीर

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने शुक्रवार को गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया और कहा कि अगले एक साल में कचरे के ढेर की ऊंचाई 30 से 40 फीट कम होने की संभावना है। गंभीर ने पहले दावा किया था कि लैंडफिल की ऊंचाई 40 फीट कम हो गई थी। पूर्वी दिल्ली के सांसद ने लैंडफिल साइट पर चार ट्रामेल मशीनों का उद्घाटन किया। इस मौके पर गौतम गंभीर ने कहा कि यहां पहले से ही आठ ट्रॉमेल मशीनें लगाई गई हैं। इन चार मशीनों के साथ 2,600 टन कचरे का निपटान स्थल पर किया जाएगा, जिससे प्रति दिन 2,400 टन कचरा प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा 12 ट्रॉममेल मशीनें साइट पर लगाई गई हैं।

रेलवे लाइन के किनारे झुग्गियां हटाने से पहले इनके पुनर्वास के लिये अजय माकन पहुचे न्यायालय

नई दिल्ली.ओपन सर्च
दिल्ली में रेलवे लाइन के किनारे बनी झुग्गियों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था कराने के लिये कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने उच्चतम न्यायालय में एक आवेदन दायर किया है। शीर्ष अदालत ने 31 अगस्त को एक फैसले में दिल्ली में रेलवे लाइन के किनारे बनी 48,000 झुग्गियों को तीन महीने के अंदर हटाने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने कहा था कि इस आदेश पर अमल में किसी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं हो। माकन द्वारा दायर इस आवेदन में रेलवे, दिल्ली सरकार और दिल्ली शहरी आवास सुधार बोर्ड को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि इन झुग्गियों को हटाने से पहले यहां रहने वालों को अन्यत्र बसाया जाये। आवेदन में रेल मंत्रालय, दिल्ली सरकार और दिल्ली शहरी आवास सुधार बोर्ड को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि इस मामले में दिल्ली स्लम और जेजे पुनर्वास नीति 2015 और झुग्गियों को हटाने संबंधी प्रोटोकाल का अक्षरशः पालन किया जाये। अधिवक्ता अमन पंवार और नितिन सलूजा के माध्यम से दायर आवेदन में कहा गया है कि न्यायालय के 31 अगस्त के आदेश के बाद रेल मंत्रालय ने झुग्गियां गिराने के लिये नोटिस जारी किये हैं और इसके लिये 11 और 14 सितंबर को अभियान चलाया जायेगा। आवेदन में कहा गया है कि झुग्गी बस्तियों को हटाने से पहले इनकी आबादी का सर्वे और पुनर्वास करने के बारे में भारत सरकार और दिल्ली सरकार की तमाम नीतियों का पालन नहीं किया गया है और न ही इस तथ्य को न्यायालय के संज्ञान में लाया गया। आवेदन में कोविड-19 महामारी का हवाला देते हुये कहा गया है कि इस परिस्थिति में पहले पुनर्वास की व्यवस्था के बगैर ही इन झुग्गियों को गिराना बहुत ही जोखिम भरा होगा क्योंकि इनमें रहने वाली ढाई लाख से ज्यादा की आबादी को अपने आवास और आजीविका की तलाश में दूसरी जगह भटकना होगा। आवेदन में कहा गया है कि चूंकि इस मामले में झुग्गी बस्तियों में रहने वाले किसी भी तरह से पक्षकार नहीं थे और ऐसी स्थिति में उनसे संबंधित दस्तावेज न्यायालय के समक्ष नहीं लाये जा सके। आवेदन में 1986 की संविधान पीठ के फैसले का हवाला दिया है जिसमे कहा गया था कि फुटपाथ और सार्वजनिक संपत्तियों पर अपनी जिंदगी बसर कर रहे लोगों को अपना पक्ष रखने से वंचित करना न्यायोचित नहीं होगा। अजय माकन और सह आवेदक कैलाश पंडित ने कहा कि वे प्रभावित आबादी को बेदखल करने से पहले इनके पुनर्वास की व्यवस्था के अनुरोध के साथ इस मामले में अतिरिक्त निर्देशों के लिये यह आवेदन दायर कर रहे हैं। इसमें दलील दी गयी है कि न्यायालय ने रेलवे लाइन के साथ बनी 48,000 झुग्गियों को हटाने का निर्देश देने के साथ ही यह भी कहा है कि कोई अदालत इस प्रक्रिया पर रोक नहीं लगायेगी जो न्याय प्राप्त करने के अधिकार में बाधा डालने के समान है। न्यायालय ने इस फैसले मे दिल्ली में 140 किलोमीटर तक रेल पटरियों के किनारे बनीं 48,000 झुग्गी बस्तियों को तीन माह के भीतर हटाने का निर्देश देते हुये कहा

बैजल ने पालिका परिषद के एकीकृत कमांड और कन्ट्रोल केंद्र का उद्घाटन किया

नई दिल्ली.ओपन सर्च
दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने कहा है कि एनडीएमसी के एकीकृत कमान डिजिटल युग में नागरिक सेवाओं की पहुंच और डिलीवरी की निगरानी और ट्रैकिंग में सुधार करने के लिए नई टेक्नोलॉजीज का एक स्मार्ट पैकेज है। श्री बैजल ने एनडीएमसी के एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन करने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह नए डिजिटल युग में नागरिक सेवाओं की पहुंच और डिलीवरी की निगरानी और ट्रैकिंग में सुधार करने के लिए नई टेक्नोलॉजीज का एक स्मार्ट पैकेज है। उन्होंने सुझाव दिया कि नागरिकों के हित में निरन्तर उपयोगी उचित प्रदर्शन के लिए इन उच्च तकनीकी परिसंपत्तियों का रखरखाव नागरिक निकाय द्वारा सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पालिका परिषद अध्यक्ष को सुझाव दिया कि वे दिल्ली के अन्य नगर निकायों और एजेंसियों जैसे कि एमसीडी के प्रमुखों को इस तकनीकी विचार को दिल्ली के दूसरे हिस्से में लागू करने के लिए दिखाने को बुलाये। उ

पराज्यपाल ने नई दिल्ली के मंदिर मार्ग में शेरा मैदान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की उच्च मानक सुविधाओं से भी प्रभावित होकर कहा कि यह खेलकूद परिसर किसी भी नागरिक की फिटनेस के लिए ही केवल महत्वपूर्ण सुविधा नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले खिलाड़ी बनाने के लिए भी एक उपयोगी सुविधा सिद्ध होगी।

इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से नई दिल्ली की सांसद मीनाक्षी लेखी और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र भी उपस्थित थे। इस अवसर पर आज ही उपराज्यपाल ने नई दिल्ली के मंदिर मार्ग पर पालिका परिषद द्वारा पुनर्विकसित शेरा मैदान खेलकूद परिसर का भी उद्घाटन किया।

opensearch

मीडिया जगत को आर्थिक पैकेज मिले : एनयूजे

नई दिल्ली.ओपन सर्च
नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) अखबारों और चौनलों में पत्रकारों की छंटनी, वेतन कटौती, फर्जी मुकदमों में गिरफ्तारी, उत्पीड़न, पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने और मीडिया कांउसिल के गठन की मांग को लेकर देशभर में आंदोलन करेगी। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के महासचिव एंथनी बेलांगर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित एनयूजे-आई के राष्ट्रीय अधिवेशन में कहा कि पत्रकारों के हित और कल्याण के लिए बड़े पैमाने पर कार्य करने की आवश्यकता है। एनयूजेआई के पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए किये जा रहे तमाम प्रयासों का समर्थन करते हैं।एनयूजे राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन में केंद्र और राज्य सरकारों से मीडिया जगत के लिए आर्थिक पैकेज देने की मांग की गई। केंद्र सरकार से मांग की गई कि आर्थिक संकट का सामना कर रहे मध्यम और लघु समाचार पत्रों के लिए आर्थिक पैकेज की जल्दी से जल्दी से घोषणा की जाए। उन्होंने बताया कि कोरोनाकाल में छंटनी का शिकार बने

पत्रकारों और कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। जिलों और छोटे कस्बों में काम करने वाले पत्रकारों को तो वेतन ही नहीं मिल रहा है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारें आर्थिक तौर पर संकट का सामना कर रहे पत्रकारों को एकमुश्त आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था कराएं। अधिवेशन में पत्रकार सुरक्षा कानून, मीडिया कमीशन और मीडिया काउंसिल के गठन, कोरोना महामारी के चलते पत्रकारों का उत्पीड़न, एनयूजेआई के सविधान में संसोधन और अन्य कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।एनयूजे-आई के महासचिव प्रसन्ना मोहंती ने बताया कि संगठन के अध्यक्ष रास बिहारी की अध्यक्षता में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर में दो हजार से ज्यादा पत्रकारों ने हिस्सा लिया।

राज्यों की राजधानियों के अलावा प्रमुख शहरों के साथ ही दूरदराज में काम करने वाले सदस्यों ने अधिवेशन में हिस्सा लिया। अधिवेशन को एनयूजे के पूर्व अध्यक्ष प्रज्ञानंद चौधरी कोलकाता, पूर्व महासचिव रतन दीक्षित व शिवकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डा.अरविन्द सिंह, दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश, महासचिव के.पी मलिक, कोषाध्यक्ष नरेश गुप्ता ने संबोधित किया।

मार्केट की मांग के अनुरूप कौशल विकास करेगी दिल्ली सरकार : मनीष सिसोदिया

उपमुख्यमंत्री ने किया द्वारका और रजोकरी स्थित पॉलिटेक्निक का दौरा

नई दिल्ली.ओपन सर्च
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को द्वारका और रजोकरी स्थित पॉलिटेक्निक का दौरा किया। दोनों संस्थानों के कोर्सेस और आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने मार्केट की जरूरतों के मुताबिक बदलाव का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि दोनों संस्थानों के पास इंफ्रास्ट्रक्चर काफी अच्छा है और फेकेल्टी भी सक्षम है। लेकिन बदलते समय के साथ कोर्सेस में बदलाव नहीं होने के कारण इनमें प्रासंगिकता का अभाव दिखता है।

उन्होंने कहा कि मार्केट की मांग के अनुरूप कौशल विकास करके दिल्ली और देश की इकोनॉमी को आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है।द्वारका स्थित इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वर्ल्ड क्लास सेंटर के भ्रमण के दौरान श्री सिसोदिया ने इन संस्थान के खास

महत्व पर चर्चा की। संस्थान के प्रिंसिपल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। रजोकरी प्रोद्योगिकी संस्थान के प्रिंसिपल ने भी प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्तमान पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में देश और दुनिया के सामने एक मॉडल पेश किया है। अब कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए दिल्ली और देश को आर्थिक मंदी से निकालने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।श्री सिसोदिया ने कहा कि दुनिया भर में तकनीक का तेजी से विकास हो रहा है।

भीड़भाड़ नियंत्रित करने दिल्ली मेट्रो ने खोजा नया तरीका

नई दिल्ली.ओपन सर्च
देश की राजधानी दिल्ली के सबसे सस्ते और सुलभ परिवहन के साधन दिल्ली मेट्रो ने कोरोनाकाल में लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार परिचालन शुरू कर दिया है। दिल्ली मेट्रो ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोच में भीड़भाड़ कम करने का तरीका खोज निकाला है। कोरोना काल से पहले हर कोच में करीब 250 लोग सफर करते थे लेकिन अब कोच के अंदर 50 से अधिक यात्री नहीं चढ़ पाएंगे। ट्रेन में चढ़ने वाले यात्रियों के वजन से मेट्रो इसका पता लगाएगी। ट्रेन में जब यात्री चढ़ते है तो ट्रेन में बढ़ते वजन की जानकारी चालक के पास पहुंच जाती है। सेंसर्स के जरिए वजन की यह जानकारी ट्रेन के वजन से अलग होता है। मेट्रो एक यात्री की औसतन वजन 60-65 किलो मानता है। एक कोच की वजन करीब 42 टन (4200 किलो) होता है। यानी कोच वजन से अलग 300 किलो वजन बढ़ा तो कोच में 50 से अधिक यात्री मौजूद है। हर कोच में औसतन 50 से अधिक लोग है। उसके बाद भीड़ के आधार पर अगले स्टेशन यात्रियों को उसमें चढ़ने से रोका जा सकता है। मेट्रो में भीड़ ना हो इसके लिए मेट्रो की प्राथमिकता भीड़ को प्रवेश गेट पर ही रोकने की है। मगर जो अंदर है उसकी वजह से कोच के अंदर भीड़ ना हो इसके लिए कोच के अंदर भीड़ बढ़ने पर स्टेशन पर ट्रेन नहीं रुकेगी। जरूरत पढ़ने पर छोटे-छोटे लूप पर खाली ट्रेन चलाई जाएगी। इससे स्टेशन पर भीड़ कम की जा सके। कोविड से पहले आठ कोच वाली ट्रेन में 2000-2200 लोग सफर करते थे। मगर सामाजिक दूरी का पालन कराने के लिए अब यह संख्या संख्या प्रति कोच 50 रखी गई है। वैशाली, नोएडा सिटी सेंटर, हुडा सिटी सेंटर जैसे कुछ टर्मिनल स्टेशन भी चिन्हित किए है जहां पर यात्रियों की भीड़ अधिक होती है। उसमें शुरूआत में कोच भर जाते है। अगले स्टेशन पर इन ट्रेन को नहीं रोका जाएगा। अगले स्टेशन के यात्रियों के लिए और ट्रेन में भीड़ ना हो इसके लिए हर टर्मिनल स्टेशन से हर 3 या 4 राउंड (भीड़ पर निर्भर करेगा) में इन स्टेशनों से खाली ट्रेन चलेगी। इसके अलावा हौज खास, कश्मीरी गेट, राजीव चौक जैसे स्टेशनों पर भी भीड़ हो सकती है। इसके लिए छोटे लूप की ट्रेन भी चलाई जाएगी। कोरोना काल से पहले सामान्य दिनों में पीक आवर्स व नॉन पीक आवर्स में ट्रेन की फ्रीक्वेंसी अलग-अलग होती थी। मगर कोविड महामारी के दौरान दोनों समय एक जैसी फ्रीक्वेंसी रखने की योजना है। इसका मकसद यह है कि यात्रियों को अलग-अलग टाइम आने के लिए कहा जा सके। कोविड के चलते फ्रीक्वेंसी भी ढाई मिनट से बढ़कर पांच मिनट से ज्यादा होगी।

दिल्ली दंगेः अदालत ने जांच अधिकारियों को संवेदनशील बनाने पर जोर दिया

नई दिल्ली, दिल्ली की एक अदालत ने फरवरी में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से जुड़े एक मामले में तथ्यात्मक रूप से गलत बयान पेश किए जाने के बाद दिल्ली पुलिस को जांच अधिकारियों (आईओएस) को दंगों के मामलों के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। दरअसल दंगों के वक्त ज्योति नगर इलाके में एक दुकान में तोड़फोड़ करने के मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति की जमानत याचिका के जवाब में एक आईओ ने गलत बयान पेश किया था। पुलिस ने अपने जवाब में कहा था कि एक चश्मदीद गवाह है जिसने आरोपी योगेंद्र सिंह को अपराध स्थल पर देखा था, लेकिन अदालत ने पाया कि आरोप पत्र में गवाह ने सिंह की जरा भी पहचान नहीं की है और केवल हेड कांस्टेबल रविंदर ने उसकी पहचान की है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने सिंह को 30,000 रुपए की जमानत राशि और इतनी ही राशि के मुचलके पर जमानत दे दी और कहा कि आईओ ने जो भी लिखा उसमें उसे सावधानी बरतनी चाहिए थी।

मजेंटा और ग्रे लाइन पर भी दौड़ने लगी मेट्रो

नई दिल्ली.ओपन सर्च कोरोना महामारी के चलते पिछले कई महीनों से बंद पड़ी दिल्ली मेट्रो का परिचालन चरणबद्ध तरिके से शुरू हो रहा है। येलो, ब्लू और पिंक लाइन सहित सात लाइनों पर मेट्रो के चलने के बाद शुक्रवार को मजेंटा और ग्रे लाइन पर मेट्रो का परिचालन शुरू हो गया है। इसके साथ ही नौ लाइनों पर मेट्रो सेवा उपलब्ध हो गई है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने ट्वीट कर यात्रियों से सावधानी बरतने के साथ सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दी है। डीएमआरसी ने कहा, ''दिल्ली-एनसीआर के लोगों के साथ सुरक्षा दिशा-निर्देशों का कुशलतापूर्वक पालन करते हुए, हमने आज मजेंटा और ग्रे लाइनों पर परिचालन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। सावधानी बरतें और सुरक्षित यात्रा करें!'' डीएमआरसी ने शुक्रवार को जनकपुरी पश्चिम से बॉटनिकल गार्डन वाली मजेंटा लाइन और द्वारका से नजफगढ़ जाने वाली ग्रे लाइन पर मेट्रो का परिचालन शुरू किया। शुक्रवार से मेट्रो का परिचालन भी सुबह और शाम के लिए दो-दो घंटे तक बढ़ा दिया गया है। सभी लाइनों पर सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक और फिर शाम चार बजे से रात 10 बजे तक मेट्रो की सेवा उपलब्ध रहेगी।

दोपहर में सिर्फ तीन घंटे परिचालन बंद रहेगा। इससे पहले कल यानी गुरुवार को येलो, ब्लू और पिंक के बाद रिठाला से गाजियाबाद के शहीद स्थल (न्यू बस अड्डा) तक जाने वाली रेड लाइन, कीर्ति नगर से ब्रिगेडियर होशियार सिंह (बहादुरगढ़) तक जाने वाली ग्रीन लाइन और कश्मीरी गेट से राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) तक जाने वाली वायलेट लाइन पर मेट्रो का परिचालन शुरू हुआ।

उल्लेखनीय है कि राजधानी में कोरोना महामारी की वजह से 22 मार्च से मेट्रो सेवाओं को बंद कर दिया गया था।

लंबे अर्से बाद सोमवार को फिर से मेट्रो सेवा शुरू की गई है। पहले दिन येलो लाइन पर मेट्रो चलाई गई। उसके बाद फिर चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग लाइनों पर मेट्रो सेवा शुरू की गई है। 12 सितम्बर तक सभी लाइनों पर मेट्रो का परिचालन होने लगेगा।

सम्पादकीय...

ओपन सर्च

जरूरी है चीन की सनक का इलाज

बीती 29 और 30 अगस्त की रात को भारतीय और चीनी सेना यानी पीएलए में एक बार फिर मुठभेड़ हो गई। इस बार जंग का अखाड़ा बना पैंगोंग झील का दक्षिणी किनारा। यह वह इलाका है, जो अभी तक मौजूदा टकराव से अछूता रहा। इससे पता चलता है कि आखिर वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर हालात कितने तल्ख हो गए हैं। भारतीय सेना पीएलए के मंसूबों को ध्वस्त करते हुए उन ऊंची चोटियों पर काबिज हो गई, जहां से उसे बढ़त मिल सके। नई दिल्ली ने बीजिंग के समक्ष स्पष्ट कर दिया है कि एलएसी पर चीन द्वारा भारी संख्या में सैन्य अमला जुटाने के बावजूद भारत अपने रणनीतिक लाभ की स्थिति को नहीं छोडने वाला। वहीं मॉस्को में चीनी रक्षा मंत्री की मनुहार के बाद उनसे मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने चीनी समकक्ष को दो-टूक लहजे में कह दिया कि भले ही भारत की प्राथमिकता वार्ता के जरिये मसलों को सुलझाने की है, लेकिन नई दिल्ली राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जहां लगातार दावे-प्रतिदावे किए जा रहे हों, वहां भारत का नया रुख एलएसी पर भविष्य को भी रेखांकित करता है। अंदेशा है कि भारी-भरकम सैन्य जमावड़े वाली सीमा पर दोनों सेनाओं के बीच अक्सर छोटी-मोटी झड़पें होती रहेंगी। इसका पता गत दिवस की उस झड़प से लगता भी है, जिसमें चीनी सेना की ओर से गोली चलाई गई।

एलएसी पर हालात तनावपूर्ण ही बने रहने के आसार हैं। यहां होने वाले संभावित टकराव भारत-पाक के बीच एलओसी पर अक्सर होने वाली तनातनी की याद दिलाएंगे। कुल मिलाकर अब यही नई परिपाटी बनती दिख रही है। इस साल अप्रैल-मई में जबसे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है, तबसे हालिया टकराव के बीच एक ब्रिगेड स्तरीय फ्लैग मीटिंग की बात सामने आई है। हालांकि इसके नतीजे को लेकर अनिश्चितता और अस्थिरता का भाव ही अधिक है। वैसे भी दोनों देशों के सैन्य कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता के बावजूद इस संकट के दूर होने की कोई उम्मीद नहीं दिखती। ऐसी आशंकाएं बढ़ रही हैं कि एलएसी पर हल्की-फुल्की मुठभेड़, गोलीबारी और घात लगाकर किए जाने वाले हमलों में इजाफा होगा, जैसा कि हम कश्मीर में भारत और पाकिस्तान के बीच देखते आए हैं। ऐसे में पीएलए के किसी भी मंसूबे को नाकाम करने के लिए भारतीय सेना को उसी हिसाब से पर्याप्त तैयारी रखनी होगी। इन कदमों के अतिरिक्त रक्षा प्रतिष्ठान को सीमा के आसपास पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती पर भी ध्यान देना होगा, जैसा कि पीएलए ने भी किया है।

चीन ने इस साल मई से ही लद्दाख सीमा पर सैन्य जमावड़ा बढ़ाकर अपनी स्थिति को मजबूत किया है। इसी कड़ी में चीन ने तिब्बत स्वायत्तशासी क्षेत्र यानी टार में जिन सैन्य साजोसामान की खेप बढ़ाई है, उनमें हैवी आर्टिलरी गन, हैवी मशीन गन और एयरक्राफ्ट आदि शामिल हैं। 29-30 अगस्त के टकराव के साथ-साथ चीन ने और धमकाने वाले अंदाज में कैलाश-मानसरोवर क्षेत्र में भी जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें तैनात की हैं। इस मिसाइल बेस पर 2,200 किमी तक मारक क्षमता वाली डीएफ-21 बैलिस्टिक मिसाइल भी मौजूद हैं। यह ब्रह्मपुत्र, सतलज, सिंधु और करनाली जैसी उन नदियों के मुहाने पर है, जो देशों की सीमाओं से परे बहती हैं। इनमें से करनाली तो गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। यह निश्चित रूप से भारत के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि डीएफ-21 भारत के भीतरी शहरों को भी निशाना बना सकती है।

यह मिसाइल किसी भी पारंपरिक हमले की स्थिति में एक अहम कवच मुहैया कराती है। ऐसे में भारत को जवाबी कार्रवाई के लिए प्रतिरोधक क्षमताओं के साथ सामरिक जमावड़ा बढ़ाना होगा। भारत अभी तक विशुद्ध रूप से रक्षात्मक रणनीति का पालन करता आया है। ऐसे में इससे जुड़ी कमियों को दूर करते हुए जवाबी हमले की सटीक रणनीति तैयार करनी होगी। वैसे 2013 से ही भारतीय सैन्य बलों ने एलएसी पर जमावड़ा बढ़ाकर सीमित आक्रामक नीति अपनाई है। अब भारत को अपेक्षाकृत लंबी अवधि के संघर्ष के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। इसमें स्थानीय स्तर पर लचीलापन अहम भूमिका निभाएगा। मिसाल के तौर पर भारतीय सेना और वायु सेना को नागरिक हवाई अड्डों का भी प्रभावी उपयोग करना चाहिए। हमले के बाद उससे उबरने की अचूक रणनीति भी तैयार करना निर्णायक होगा। अपनी हवाई क्षमताओं को इस प्रकार विस्तार देना होगा कि जिन स्थानों को निशाना बनाने की अधिक आशंका हो, उन्हें जल्द से जल्द दोबारा तैयार किया जा सके।

अब इसकी आशंका अधिक है कि चीन भारतीय जमीन पर अपनी नीयत और खराब करता रहेगा। अतिक्रमण उसे सबसे असरदार विकल्प लगेगा, जैसा कि लद्दाख में उसने किया भी। भारतीय सेना भी जिस मोर्चे पर बढ़त की स्थिति में होगी, वहां हरसंभव तरीके से ऐसी कोशिशों का प्रतिकार करती रहेगी। ऐसे में चीनी सैन्य सनक से निपटने के लिए भारत को कुछ अलहदा विकल्प भी तलाशने होंगे। यदि एलएसी के हालात भी एलओसी जैसे बन जाएंगे, तो बहस परमाणु शस्त्रों की ओर भी बढ़ जाएगी। अलहदा रणनीति में आक्रामकता का भाव शामिल करना ही होगा। भारत को अड़ियल चीन और उसकी सेना को यही संकेत देने होंगे कि तनाव बढ़ने से उसे फर्क नहीं पड़ने वाला। यह न तो भारत के लिए आसान विकल्प है और न ही ऐसा कि चीन को इसकी कोई कीमत न चुकानी पड़े, परंतु दशकों से चीन की पारंपरिक चुनौती के आगे अपनी अपेक्षित क्षमताओं को न बढ़ाने के चलते भारत के समक्ष विकल्प सीमित होते जा रहे हैं।

ध्वस्त मीनारें और बदले के अभियान

अजय श्रीवास्तव

वह अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर की 11 सितंबर, 2001 की अलसाई सुबह थी। तकरीबन आठ बज कर छियालीस मिनट पर एक हवाई जहाज वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के उत्तरी टावर से टकराया। पलक झपकते ही टावर आग के शोलों में तब्दील हो गया। भारी अफरातफरी के बीच लोग बदहवास अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, तभी एक और जहाज दक्षिणी टावर से टकराया। वह भी धूधू कर जलने लगा। फिर वह हुआ, जिसकी कल्पना टावर बनाने वालों ने भी नहीं की होगी। दोनों टावर ताश के पत्तों की तरह भहरा कर गिर गए। इसके थोड़े अंतराल के बाद एक और जहाज वाशिंगटन के रक्षा विभाग के मुख्यालय, जो अतिसुरक्षित क्षेत्र में था, से टकराया और वहां भी वही विनाशलीला शुरू हो गई, जो वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में हुई थी। चौथा विमान भी हमले के लिए निकला था, मगर वह नाकाम होकर खेतों में गिर गया।

इस आत्मघाती हमले में तीन हजार से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। जिस समय वह हमला हुआ था, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में लगभग अठारह हजार लोग काम कर रहे थे। गनीमत थी कि जब उत्तरी टावर में आग लगी तो दक्षिणी टावर में काम कर रहे अधिकांश लोग बाहर आ गए थे। मरने वालों में सत्तर अलग-अलग देशों के नागरिक थे, जो बेहतर जिंदगी की तलाश में अमेरिका आए थे।

अमेरिका की शान थे ये दोनों टावर, जिस पर अलकायदा की नजर 1996 से ही थी। इस हमले में अमेरिका को अरबों डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मे रखी दुर्लभ कलाकृतियों की कीमत करीब दस करोड़ डॉलर आंकी गई थी। करोड़ों के कम्प्यूटर, फर्नीचर और अन्य चीजें नष्ट हो गईं। इसके अलावा जो चीज सबसे अधिक प्रभावित हुई, वह अमेरिका की साख थी। सबसे सुरक्षित देश का दंभ भरने वाले अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था तार-तार हो गई थी।

एफबीआई की जांच में पता चला कि इस हमले के पीछे अल-कायदा है। फिर उसके सरगना उसामा बिन लादेन की तलाश शुरू हुई। यह वही ओसामा बिन लादेन था जिसे अमेरिका ने सोवियत संघ के अफगानिस्तान पर कब्जे की लड़ाई में हर तरह की मदद की थी।तालिबान और अल-कायदा मूल रूप से एक ही हैं, जो अफगानिस्तान युद्ध की उपज हैं।1978 में सोवियत संघ ने अफगानिस्तान के शासक की मदद की गुहार पर अफगानिस्तान में प्रवेश किया था। उन दिनों अफगानिस्तान में साम्यवादी सरकार थी और उसे मुजाहिदीन लगातार अस्थिर कर रहे थे। सोवियत संघ के

खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ने सीधे न उतर कर पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रख कर लड़ाई लड़ने की योजना बनाई। पाकिस्तान को सैन्य और आर्थिक मदद दी जाने लगी। अमेरिका ने अपनी कूटनीति से इस लड़ाई को इस्लाम के खिलाफ रूस की लड़ाई कह कर प्रचारित किया। पाकिस्तान ने अपने लड़ाकों से कहा कि इस्लाम खतरे में है और तुम्हे इस्लाम के लिए जेहाद करना है। अमेरिका और पाकिस्तान की यह मुहिम रंग लाई और अनपढ़ नौजवान जेहाद करने के लिए तैयार हो गए। बहुत से इस्लामिक देशों ने इस लड़ाई के लिए मोटी रकम दी, जिससे आधुनिक हथियार खरीदे गए।

दस साल तक चले इस सघर्ष में सोवियत संघ धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया और सन 1990 में उसने अफगानिस्तान से हटने का निर्णय किया। सोवियत सेना के लौटने के तुरंत बाद तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया। तालिबान प्रमुख मुल्ला उमर और अल-कायदा प्रमुख लादेन इस युद्ध के हीरो थे और फिर अफगानिस्तान को इस्लामिक राष्ट्र बना दिया गया।

जिस सांप को अमेरिका ने इतने दिनों तक दूध पिलाया उसी ने एक दिन उसे डंस लिया। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने तालिबानी प्रमुख मुल्ला उमर से लादेन को सौंपने के लिए कहा था, पर उसने इससे इनकार कर दिया। तब अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला कर तालिबान को सत्ता से बेदखल किया था।

ट्रेड सेंटर की जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि इस पूरे अभियान की कमान लादेन ने अपने दाहिने हाथ खालिद शेख मोहम्मद को दे रखी थी।

खालिद शेख ने इस ऑपरेशन के लिए तकरीबन पचास लोगों को प्रशिक्षित किया, जिसमें उन्नीस लोगों को विभिन्न तरीके से अमेरिका भेजा और ये सभी आत्मघाती थे। उन्नीस अपहरणकर्ताओं में से पंद्रह सऊदी अरब के थे और बाकी यूएई, इजिप्ट और लेबनान के रहने वाले थे। हमले वाले दिन एयरपोर्ट की सुरक्षा को भेदते हुए आतंकियों ने चार जहाजों का अपहरण कर लिया, जो विभिन्न जगहों से न्यूयॉर्क आए थे और इन पर यात्री बैठे हुए थे। आतंकियों ने यात्रियों से भरे जहाज को विभिन्न जगहों पर टकराया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने ओसामा को पकड़ने के लिए अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को तहस-नहस कर दिया, मगर वहां लादेन पकड़ा नहीं जा सका। वह तो आंतकवाद की पनाहगाह पाकिस्तान के ऐबटाबाद में छिपा था। एक ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किए गए एक आतंकी से एफबीआई के एजेंटों को सूचना मिली कि लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में छिपा हुआ है। तब उसे पकड़ने के लिए जेरोनिमो नाम से निर्णायक ऑपरेशन की रूपरेखा बनाई गई। रात ग्यारह बजे ऑपरेशन शुरू हुआ। तेईस सदस्यों की अमेरिकी नौसेना की सील टीम दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों में बैठी। लगभग आधे घंटे की यात्रा के बाद हेलीकॉप्टर लादेन के घर के ऊपर मंडराने लगे। हेलीकॉप्टरों को इस तरह से डिजाइन किया गया था कि उनसे कम से कम आवाज निकले और वे पाकिस्तानी रडार की पकड़ के बाहर रहें। ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों के उड़ान भरने के पैंतालीस मिनट बाद उसी रनवे से चार चिनूक हेलीकॉप्टरों ने लक्ष्य की तरफ उड़ान भरी।

चार में से दो हेलीकॉप्टर पाकिस्तानी सीमा के पास रुक गए और शेष दो अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ गए। यह पहले से तय नहीं था। राष्ट्रपति ओबामा के कहने पर इन्हें बैकअप के रूप में भेजा गया था। वे चाहते थे कि अगर ऑपरेशन विफल होगा तो सैनिकों को किसी भी तरह अफगानिस्तान पहुंचाया जा सके, जहां से यह ऑपरेशन संचालित हो रहा था।

दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टरों में से एक लादेन के घर लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, उसके पंख कंक्रीट की मजबूत दीवार से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गए थे, मगर पायलट की सूझबूझ से उसकी सफल लैंडिंग करा दी गई। दूसरा हेलीकॉप्टर सफलतापूर्वक लैंड हो गया और नेवी शील के प्रशिक्षित कमांडो ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी।

दरवाजे को तोड़ कर कमांडो अंदर घुसे, तभी लादेन की बीवी की नींद तेज आवाज के साथ खुल गई। आवाज सुन कर लादेन भी जागा और वह देखने के लिए बाहर निकला। जब तक वह लोहे के दरवाजे को बंद करने का प्रयास करता, एक कमांडो उसके कमरे में घुस चुका था। अपने को घिरा हुआ देख कर लादेन चुपचाप खड़ा हो गया, वह जान चुका था कि अब बचना नामुमकिन है। कमांडो ने बिना समय गवाए लादेन पर डबल टैप शॉट लगाया, जो उसके सीने और बाईंआंख को बेधते हुए बाहर निकल गई। उसके प्राण पखेरू पहली गोली में ही उड़ गए थे। मारने के बाद लादेन के शरीर को हेलीकॉप्टर में लाद कर अफगानिस्तान ले जाया गया और डीएनए की जांच कर पुख्ता कर लिया गया कि वह लादेन ही है।

इकोरोना वायरस की सीख

प्रो. एनके सिंह

opensearch

कोरोना वायरस का बहु[illegible] महत्त्वपूर्ण योगदान सामाजिक दूरी का संदेश है क्योंकि महामारी को फैलने से रोकने के लिए यह आधारभूत नियम है। हाल में जब मैं किसी काम से एक बैंक में गया तो मैं पंक्ति में खड़े होने के लिए एक से दूसरे व्यक्ति की दूरी बनाए रखने के लिए पूरे फर्श पर सफेद सर्कल चिन्हित किए जाने से हैरान हो गया। इसी स्थान पर पहले बड़ी भीड़ लगी रहती थी और लोग एक-दूसरे को धकेल रहे होते थे, किंतु अब पंक्ति में खड़े लोग व्यवस्थित रूप से आगे की ओर बढ़ रहे थे। इसने हमें यह सिखाया कि हमें पंक्ति बनानी है, व्यवस्थित रूप से आगे की ओर बढ़ना है, एक-दूसरे को धक्का देकर आगे बढ़ने की बजाय यह व्यवस्था अच्छी है। इस वर्ष शिक्षक दिवस पर मैंने यह सोचा कि पिछले छह माह के कोरोना काल में, जिसने विश्व भर को बड़ी परेशानी में डाल दिया, हमारे अनुभव क्या रहे? कोरोना के कारण मानव जाति को भारी नुकसान हुआ है तथा विश्वभर में लाखों की संख्या में लोगों की जानें जा चुकी हैं, इसके बावजूद इसने हमें [illegible] यह सिखाया कि हमें किस तरह सुरक्षित रहना है। कोरोना ने मानव के जीवन के तौर-तरीके को बदल दिया है। हमने अब यह सीख लिया है कि कोरोना वायरस किसी को भी माफ नहीं करता है तथा यह किसी की भी जान ले सकता है। प्रकृति जो आपदाएं लाती है, उसमें कोई पक्षपात नहीं है, बावजूद इसके कि हमारे पास बीमारियों से निपटने के लिए अरबों की संख्या में दवाएं मौजूद हैं।

कोरोना वायरस ने अमीर और गरीब, काला और गोरा, जाति अथवा देश में कोई फर्क नहीं किया। इसने हर कहीं हर किसी पर हमला किया। एक ही राज्य में राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, आइस क्रीम विक्रेता अथवा क्लीनर्स इससे प्रभावित हुए हैं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे कोरोना से यह सीखने को मिलेगा कि संघवाद किस तरह काम करता है? लॉकडाउन के दौरान हमने सीखा कि कैसे हरियाणा से पंजाब अथवा हिमाचल में नहीं जाया जा सकता अथवा अन्य राज्यों में भी आवाजाही बंद रही।

भारत एक संघीय देश है तथा कोरोना काल में हर राज्य ने प्रवेश के अपने-अपने नियम लागू किए। जनता, जो कि बिना किसी प्रणाली के 'एक' करती थी, वह स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का अनुपालन करने से घबरा गई। बीमारी से बचने के लिए मास्क का प्रयोग एक ही हफ्ते में 40 से 95 फीसदी बढ़ गया। 'घर पर रहें, सुरक्षित रहें' के आदेश का 90 फीसदी लोगों ने अनुपालन किया। हाथ धोना अब एक आम और जरूरी कार्य बन गया है। सामाजिक दूरी का अनुपालन करना अब एक आदत बन गया है। मैं एक पुलिस कर्मी द्वारा स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों की अनुपालना से चकित और प्रसन्न हो गया। मैं उसे अपना पहचान पत्र दिखाने के लिए जैसे ही उसके नजदीक गया, तो उसने शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए पीछे हटना मुसासिब समझा। उसके पीछे हटने से मैं व्यथित हो गया जैसे किसी ने गोली चला दी हो, लेकिन बाद में सब यह जानकर हंसने लगे कि वह सामाजिक दूरी का पालन कर रहा था। कोरोना वायरस का सकारात्मक पक्ष यह है कि प्रदूषणकारी परिवहन और गैसों के उत्सर्जन पर रोक लगी है।

इसने पर्यावरण को शुद्ध किया तथा अब हर कोई आसानी से सांस ले सकता है। अध्ययन से पता चलता है कि वायु प्रदूषण अपने पिछले स्तर से 50 फीसदी नीचे चला गया है। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। मैं धौलाधार की तलहटी में रहता हूं तथा यह क्षेत्र पहले विघ्नकारी अशुद्ध धुएं एवं कोहरे के कारण अपारदर्शी था। लेकिन अब वायु प्रदूषण घटने के कारण मैं धौलाधार की चोटियों और बर्फ को देख पा रहा हूं। कोरोना वायरस के कारण शिक्षा को बहुत नुकसान हुआ है क्योंकि स्कूल और कालेज बंद चल रहे हैं। इसके कारण बच्चों की सामाजिक समस्या पैदा हुई है क्योंकि वे एक-दूसरे से पृथक हुए हैं। साथ ही कक्षाओं में उपस्थिति लगाना तथा सीखना भी छोड़ना पड़ा है।

पहली बार यह स्पष्ट हुआ है कि शिक्षा न केवल सीखना है, बल्कि यह सामाजिक प्रतीयमान भी है। बच्चे किताबों और कंप्यूटरों के अलावा एक-दूसरे से भी सीखते हैं। कोरोना वायरस के कारण कोचिंग क्लासेज भी बंद हैं, जिसके चलते राष्ट्रव्यापी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयारियों पर भी बुरा असर पड़ा है। पढ़ाई की तकनीक में एक बड़ा बदलाव आया है, क्योंकि बड़े पैमाने पर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की गई है। कंप्यूटर कोरोना वायरस के हमले को हराने के लिए इससे कड़ा मुकाबला कर रहा है। आमने-सामने की 'वर्किंग' के विकल्प के रूप में शिक्षण संस्थान तथा अन्य संगठन वेबीनार तथा वीडियो कान्फ्रेंस का प्रयोग कर रहे हैं। वेबीनार अब आम बात हो गई है। मैंने हिमाचल के मंडी जिला में एक स्कूल में एक नवाचारी परिवर्तन यह देखा कि सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा रहा है।

इसके कई फायदे हैं। यह प्रौद्योगिकी जहां कनेक्टिविटी उपलब्ध है, वहां आसानी से मिल जाती है, यह समय गंवाए बिना काम करती है तथा इसकी कीमत भी कम है। विश्व ने डाटा की कम कीमत वाली प्रभावकारी ट्रांसमिशन तथा फिजीकल इंटरेक्शन का विकल्प खोज लिया है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदूषण भी घटा है।

इस 'डिवेलपमेंट' के स्वास्थ्य लाभ बिलकुल स्पष्ट हैं। विपणन और सेल्ज के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव देखे जा रहे हैं। सस्ते दामों में ज्यादा आइटम्स ऑनलाइन उपलब्ध हैं। लॉकडाउन के कारण चूंकि नाइयों की दुकानें बंद हो गई थीं, इसलिए मुझे सिर के बाल कटवाने में दिक्कत पेश आई। इसके बाद मैंने ऑनलाइन एक ट्रिमर खरीद लिया और अपने बाल खुद काट लिए। मेरी पत्नी का मानना है कि ट्रिमर से बाल काटना नाई से बाल कटवाने से भी बेहतर है क्योंकि यह नाई के शुल्क से ज्यादा सस्ता भी है तथा साथ ही ट्रिमर को कम से कम 20 बार प्रयोग किया जा सकता है। कई नई छोटी और मध्यम सेवाएं उभर आई हैं। यहां तक कि आप ट्रिमर को भी अन्य वस्तुओं की तरह इंटरनेट पर सेलेक्ट करके घर पर उसकी डिलीवरी ले सकते हैं। अब भोजन भी घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

लॉकडाउन के बाद जब शराब की दुकानें खोल दी गईं तो वहां भारी भीड़ देखने के बाद मैंने इसकी भी होम डिलीवरी की सलाह दी थी। कुछ राज्यों ने ज्यादा जॉब्स उपलब्ध करवाने तथा डिलीवरी शुल्क एकत्र करने के लिए इसे भी किया और खरीददार खुशी से भुगतान कर रहे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग पहले से कई गुणा बढ़ गई है तथा मार्किट में कई नई सेवाएं उभर आई हैं। अब समय आ गया है कि हम यह सीखें कि इस तरह की आपदाओं का प्रयोग हम अपने लाभ के लिए किस तरह कर सकते हैं।

स्लामोफोबिया और साम्प्रदायिकता के वैश्विक प्रभाव

राम पुनियानी

पैगंबर हजरत मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक पोस्टों और कुरान की प्रतियां जलाने की प्रतिक्रिया स्वरूप अभी हाल में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं. नवीन कुमार, जो बेंगलुरू के एक कांग्रेस विधायक के भतीजे हैं, ने फेसबुक पर पैगम्बर मोहम्मद के बारे में अत्यधिक आपत्तिजनक पोस्ट लिखी. इसके बाद मुस्लिम समुदाय का एक नेता, भीड़ के साथ नवीन के विरूद्ध थाने में शिकायत दर्ज कराने गया. पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी की. इस दरम्यान भीड़ बढ़ती गई और उसने तोड़फोड़ शुरू कर दी. पुलिस ने गोलियां चलाईं जिसके नतीजे में तीन लोगों की मौत हो गई.

स्वीडन के मेल्मो शहर में अगस्त के अंत में एक दक्षिणपंथी नेता ने कुरान की प्रति को आग के हवाले कर दिया. यह भड़काऊ घटना ऐसी जगह हुई जहां मुस्लिम प्रवासी रहते हैं. 'स्वीडन डेमोक्रेट्स' नाम की नव-नाजीवादी पार्टी स्वीडन की संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है. इस पार्टी का मानना है कि स्वीडन की सारी समस्याओं की जड़ वहां बसे शरणार्थी हैं. मेल्मो में लगभग तीन सौ लोगों की भीड़ ने कुरान के अपमान का विरोध करते हुए हिंसा की. स्वीडन की दक्षिणपंथी पार्टियों का आरोप है कि नार्डिक देशों का इस्लामीकरण किया जा रहा है और इन देशों में बढ़ते अपराधों के पीछे सीरिया के युद्ध के बाद वहां आए मुसलमान हैं.

इसी बीच अनेक यूरोपीय देशों में भी दक्षिणपंथी ताकतों का दबदबा बढ़ रहा है. एएफडी (आल्टरनेटिव फॉर जर्मनी) ऐसी ही एक दक्षिणपंथी पार्टी है. ऐसी सभी पार्टियों का वैचारिक आधार फासिज्म है. ये दल अति-राष्ट्रवाद में विश्वास करते हैं और प्रवासियों को निशाना बनाते हैं. प्रवासियों ने पश्चिम एशिया में युद्ध और हिंसा के कारण यूरोपीय देशों में शरण ली है.

इस युद्ध और हिंसा का कारण है बढ़ती इस्लामिक कट्टरपंथी राजनीति. इस राजनीति को हवा दे रहे हैं अलकायदा, आईएसआईएस और आईएस. इन संगठनों को सशक्त किया है अमरीका की कट्टर इस्लाम को प्रोत्साहन देने की नीति ने. सच पूछा जाए तो तेल की लिप्सा इस इलाके में अमेरिकी हस्तक्षेप का मुख्य कारण है.

एक अन्य घटना में 'चार्ली हैबडो' नामक फ्रांस की कार्टून पत्रिका ने पैगम्बर मोहम्मद से संबंधित कार्टूनों का पुनप्रर्काशन ऐसे समय किया जब उन आतंकवादियों पर मुकदमा शुरू हुआ था जिन्होंने सन् 2015 में इस पत्रिका के दफ्तर पर हमला किया था. उल्लेखनीय है कि पत्रिका ने जो कार्टून प्रकशित किए थे वे अनेक लोगों की नजर में अत्यधिक आपत्तिजनक थे. आतंकी हमले में पत्रिका के अनेक कार्टूनिस्ट मारे गए थे. इस घटना के अपराधी गिरफ्तार कर लिए गए थे और वे इस समय अदालत के सामने है

सन् 2007 में फ्रांस में उस समय एकाएक हिंसा भड़क उठी जब पुलिस ने दो मुस्लिम प्रवासी युवकों को मार डाला. यह घटना पुलिस द्वारा एक श्वेत नागरिक की हत्या की जांच के दौरान हुई. ये युवक गैर-कानूनी प्रवासी थे और इसलिए छिपकर रह रहे थे. उनकी हत्या के बाद फ्रांस में अनेक हिंसक घटनाएं हुईं. फ्रांस में रहने वाले अधिकांश प्रवासी मोरक्को, ट्यूनिशिया, माली, सेनेगल और अल्जीरिया समेत ऐसे देशों से आए हैं जो एक जमाने में फ्रेंच साम्राज्य का हिस्सा थे. ये सब 1950 और 1960 के दशकों में फ्रांस में बसे थे. ये सब मुस्लिम और अश्वेत हैं और पेरिस और फ्रांस के अन्य शहरों में अत्यधिक दयनीय स्थिति में रह रहे हैं.

हमें बोको हरम द्वारा बच्चों के अपहरण और पाकिस्तान के पेशावर में तालिबानियों द्वारा बच्चों की हत्या जैसी अत्यधिक लोमहर्षक घटनाएं याद हैं. जिस तरह हमारे देश में मुसलमानों को उनके पिछड़ेपन और बड़े परिवारों के लिए दोषी ठहराया जाता है उसी तरह यूरोप में भी दक्षिणपंथियों का मानना है कि मुसलमान उन देशों की संस्कृति में घुलना-मिलना नहीं चाहते और अपनी अलग पहचान बनाए रखते हैं. कुछ दक्षिणपंथी अतिवादी नेता, आबादी के इस हिस्से को नीची निगाहों से देखते हैं और उन्हें कीड़े-मकोड़े, बर्बर और जाने क्या-क्या कहते हैं.

हम आज एक ऐसे दौर में रह रहे हैं जिसमें धार्मिक पहचान अपना घिनौना चेहरा बेपर्दा कर रही है. पहचान की राजनीति के सबसे प्रमुख शिकार मुसलमान हैं. भारत में इस तरह की सोच का मुख्य स्त्रोत देश का विभाजन है जिसके चलते संपन्न मुसलमान पाकिस्तान चले गए और यहां बड़ी संख्या में गरीब और हाशिए पर पड़े मुसलमान रह गए. समय-समय पर होने वाली हिंसक घटनाओं के कारण उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती गई. और इसका एक असर यह हुआ कि वे अपने-अपने मोहल्लों में सिमट गए.

यूरोप में इस्लामोफोबिया के दूसरे कारण हैं. पश्चिम एशिया में लगातार होने वाले युद्धों के कारण वहां के निवासी, शरणार्थियों की हैसियत से यूरोप के देषों में बस गए. स्वीडन उन देशों में है जिन्होंने इन शरणार्थियों को जगह दी. इनमें से बहुसंख्यकों को इसलिए कोई रोजगार नहीं मिल सका क्योंकि वे लगभग अशिक्षित थे. वे इन देशों में पूरी तरह सामाजिक सुरक्षा पर निर्भर थे. इन्हीं मुद्दों को उठाकर नव-नाजी पार्टियां उन्हें निशाना बना रही हैं.

पूरी दुनिया में इस्लामोफोबिया को हवा दे रही है अमेरिका की साम्राज्यवादी नीतियां. अमेरिका की नीतियों ने जिस तरह की राजनीति को गढ़ा उससे दुनिया के एक बड़े हिस्से की नियति तय हुई. पाकिस्तान में मदरसों के माध्यम से अल्कायदा को प्रशिक्षित किया गया.

इसके साथ ही तेल उत्पादक क्षेत्र में हिंसा के बीज बोये गए. कट्टर इस्लामवादियों को अमेरिका द्वारा प्रोत्साहन दिया गया. परंतु 9/11 के हमले ने सब कुछ बदल दिया. अमेरिका को यह अहसास हो गया कि उसने एक भस्मासुर को जन्म दे दिया है. इस हमले के बाद अमेरिकी मीडिया ने 'इस्लामिक आतंकवाद' शब्द गढ़कर मुसलमानों के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया. दुनिया के अनेक अन्य राष्ट्रों के मीडिया ने इस दुष्प्रचार को और हवा दी. हमारा देश भी इस मामले में पीछे नहीं रहा. अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति ने साम्प्रदायिकता के लिए उपजाऊ जमीन पहले ही तैयार कर दी थी. 21वीं सदी में अमेरिका की नीतियों कीर खाद-मिट्टी पाकर इस जमीन पर घृणा की फसल लहलहाने लगी.

इस बीच जहां अनेक मुस्लिम देशों ने विभिन्न रास्तों से धर्मनिरपेक्षता की ओर कदम बढ़ाने शुरू किए वहीं दुनिया के तेल उत्पादक देश कट्टरवाद के चंगुल में फंसते गए. तुर्की, जो 1920 के आसपास से धर्मनिरपेक्षता का गढ़ बन गया था, वहां अब कट्टरवादी ताकतें मजबूत होती जा रही हैं

. सूडान में राज्य और धर्म में कोई नाता नहीं रह गया है. इंडोनेशिया और मलेशिया दो ऐसे मुस्लिम बहुल राष्ट्र हैं जो कट्टरपंथी विचारधारा से दूरी बना रहे हैं. इसके विपरीत पश्चिम एशिया के देश अभी तक पोंगापंथ के जाल में फंसे हुए हैं.

यह बहुत स्पष्ट है कि यदि भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में रहने वाले मुसलमान पिछड़ेपन का शिकार हैं तो उसका कारण इस्लाम नहीं है. उसका असली कारण दुनिया की बड़ी ताकतों की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाएं है जो इस्लाम का सहारा लेकर अपने आर्थिक स्वार्थों को पूरा कर रही हैं.

सच पूछा जाए तो मुसलमानों का वह हिस्सा जो अपनी धार्मिक पहचान को प्राथमिकता देता है, वास्तव में एक अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक चक्रव्यूह का शिकार है.

(हिंदी रूपांतरणः अमरीश हरदेनिया)

अमृत की राष्ट्रीय रैंकिंग में पंजाब से अव्वल आगे रहा हरियाणा, देशभर में 12वां स्थान मिला

नई दिल्ली.ओपन सर्च
केंद्र सरकार की योजनाओं को समयबद्ध पूरी कर हरियाणा सरकार की कार्यप्रणाली अन्य प्रदेशों के लिए नजीर साबित हो रही है। हरियाणा को अमृत योजना की राष?ट्रीय रैंकिंग में 12वें स?थान पर रहा है। वह पंजाब से आगे हैं। पंजाब को इसमें 26वां स?थान मिला है। अब तक केंद्र सरकार के जल शक्ति और आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने राज्य सरकार की क्रियान्वयन नीति को सराहा है। जलशक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने तो हर घर में नल से जल पहुंचाने की योजना के क्रियान्वयन में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर हरियाणा को पिछले वर्ष की तुलना में 140 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि दी। इसी तरह केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के सचिव

दुर्गा शंकर मिश्रा ने पिछले सप्ताह ही हरियाणा सरकार की कार्ययोजनाओं की प्रशंसा की।

वकास मंत्रालय के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने पंजाबए हरियाणा और चंडीगढ़ में अटल मिशन ऑफ रेजूवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफोर्मेशन ; अमृत योजनाद्ध के तहत मंजूर खुले में शौच मुक्त अभियान में योजनाओं की समीक्षा की। इसमें हरियाणा ने 693 करोड़ रुपये की 63 परियोजनाएं पूरी कर देश भर में 12वां स्थान पाया है।

हरियाणा में 1.875 करोड़ रुपये की 73 परियोजनाएं क्रियांवित की जा रही हैं। केंद्र शासित चंडीगढ़ में 57 करोड़ रुपये की स्वीकृत राज्य वार्षिक कार्य योजना ;एसएएपीद्ध के तहत 100 प्रतिशत अनुबंध दिए गए हैं। इसके चलते चंड़ीगढ़ की रैंकिंग देशभर में दूसरे स्थान पर है। पंजाब ने 2ए767 करोड़ की 185 स्वीकृत राज्य परियोनाओं में से 2ए132 करोड़ की परियोजनाओं के लिए अनुबंध देकर 26वां स्थान पाया है।

हरियाणा में पानी के नलों के 2.3 लाख कनेक्शन दिए गएए1.95 लाख पुरानी स्ट्रीट लाइट को एलईडी लाइट में बदला गया।आवास और शहरी मामलों मंत्रालय के सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राज्यों को सलाह दी कि वे केंद्र की ओर से मिलने वाली सहायता प्राप्त करने के लिए 31 मार्चए 2021 तक विस्तारित मिशन अवधि के भीतर सभी परियोजनाओं को पूरा कर लें।

घरेलू नल के पानी के कनेक्शन- हरियाणा ने अब तक 2ए29 लाख नए घरेलू नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। चंडीगढ़ ने नल कनेक्शन के लिए 20ए000 के लक्ष्य को पूरा किया है। सचिव ने खराब पाइपलाइन की वजह से होने वाली लीकेज की समस्या पर ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए प्लंबरों की कार्य दक्षता बढ़ाए जाने का भी सुझाव दिया।
. सीवर कनेक्शनरू हरियाणा ने 2.22 लाख सीवर कनेक्शन दिए हैं और पंजाब ने 1.75 लाख नए कनेक्शन दिए हैं। चंडीगढ़ ने 20,000 नए सीवर कनेक्शन की सुविधा प्रदान की है।
. जल निकासी रू सचिव ने हरियाणा सरकार को 300 स्थानों पर जल भराव को खत्म करने के लिए बधाई दी।

कुलदीप बिश्नोई ने कहा, किसानों पर पड़ी एक. एक लाठी का हिसाब मनोहर.दुष्यंत को देना होगा

हिसार.ओपन सर्च
कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं विधायक कुलदीप बिश्नोई ने कृषि अध्यादेशों के खिलाफरैली में जा रहे किसानों पर ताबड़तोड़ लाठीचार्ज की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा.जजपा गठबंधन सरकार लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करने पर उतारू हो गई है। इतिहास गवाह है कि जिस भी सत्तासीन सरकार ने किसानों पर लाठियां बरसाई हैए उसका उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। जिस प्रकार से बुजुर्ग किसानों पर भी पुलिस बल ने जास उन्हें गंभीर रूप से घायल किया हैए इस शर्मनाक कृत्य की जितनी ड्क्षनदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि कृषि अध्यादेशों के खिलाफशांतिपूर्वक प्रदर्शन करने जा रहे किसानों पर जो जुल्म मनोहर.दुष्यंत की जोड़ी ने किया हैए उसका हिसाब उनकी सरकार को देना होगा। किसानों पर पड़ी एक.एक लाठी भाजपा गठबंधन सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने हरियाणा सरकार द्वारा तीनों अध्यादेश के विरोध में की जा रही किसान बचाओ मंडी बचाओ रैली पर प्रतिबंध लगाने की कड़े शब्दों में ड्क्षनदा की और सरकार द्वारा प्रदेश में जगह.जगह पुलिस के माध्यम से किसान नेताओं व व्यापारी प्रतिनिधियों की धरपकड़ करना सरकार का निंदनीय कदम है। हरियाणा सरकार किसान व व्यापारियों के आंदोलन से इतना घबरा गई कि उन्होंने पूरे प्रदेश को सील कर दिया और कुरुक्षेत्र जिले को पुलिस छावनी में बदल दियाए जो प्रजातंत्र की हत्या है। गर्ग ने कहा तीन अध्यादेश व सरकार की गलत नीतियों से देश व प्रदेश के किसानए आढ़ती व आम जनता में भारी रोष है।

सुरजेवाला का सवाल- जींस और टी.शर्ट में किसानों को पीटने वाले पुलिसकर्मी थे या भाजपा. जजपा के प्राइवेट गुंडे

पानीपत/कुरुक्षेत्र.ओपन सर्च
कुरुक्षेत्र के पिपली में गुरुवार को किसानों की रैली के दौरान उनपर हुए लाठीचार्ज मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस अब हरियाणा सरकार को घेरने की तैयारी में है। शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला पिपली पहुंचें। यहां उन्होंने किसानों से मुलाकात की।

सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में खट्टर सरकार की गुंडागर्दी और पुलिस के जुल्म का नंगा नाच कुरुक्षेत्र की रणभूमि में पूरे देश ने देखा। सीधे सिर में लाठियों से वार किया गयाए जिसमें सैकड़ों लोग घायल हो गए। यहां तक कि जींस और टी.शर्ट में पुलिस का हेल्मेट पहने कई लोग किसानों को पीटते देखे गए। ये पुलिसकर्मी थे या भाजपा.जजपा के प्राइवेट गुंडे।

तीनों अध्यादेशों का विरोध कर रहे किसान.आढ़ती.मजदूर शांतिप्रिय तरीके से किसान बचाओ.मंडी बचाओ रैली का पिपली में [illegible]

आयोजन करना चाहते थे। लेकिनए किसानों और आढ़तियों के नेताओं की जबरन धरपकड़ शुरू कर दी गईए घरों पर नोटिस लगाए गए और जगह.जगह पुलिस नाके लगाकर किसानों मजदूरों.आढ़तियों को पिपली आने से रोका गया। इसके बावजूद भी जब हजारों की संख्या में [illegible] लोगों ने कूच किया तो फिर पगड़ियां उछाली गईं। किसानों व आढ़तियों पर निर्दयता से लाठियां चलाई गईं।

सुरजेवाला ने कहा कि मोदी और खट्टर सरकार ने षड्यंत्र के तहत खेती और फसल खरीद की पूरी मंडी व्यवस्था पर हमला बोल रखा है। भाजपा खेती को पूरे तौर पर मुट्ठीभर कंपनियों के हाथ बेच देना चाहती है। इसीलिए एक साजिश के तहत कोरोना महामारी के बीच तीन काले कानून अध्यादेश माध्यम से लाए गएए ताकि किसान.आढ़ती.मजदूर का गठजोड़ खत्म हो तथा पूरा कृषि तंत्र ही गुलामी की बेड़ियों में जकड़ दिया जाए।सुजरेवाला ने कहा5 खट्टर.दुष्यंत चौटाला की जोड़ी का नाम इतिहास में उन दुर्दांत शासकों के तौर पर लिखा जाएगाए जिनका शासन किसान.आढ़ती.मजदूर पर ष्दमन और जुल्मष् की निशानी बन गया है। बुजुर्ग लोगों को तक बेरहमी से पीटा गया। सरदार गुरनाम सिंह चढ़ूनी सहित पूरे प्रदेश के किसानों और व्यापारियों के नेताओं पर दमन चक्र चलाया गया। सवाल यह भी है कि अगर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भाजपा अध्यक्ष के पद ग्रहण की रैली कर सकते हैंए तो फिर किसान और आढ़ती पर यह जुल्मो.सितम क्योंघ् लाठी.डंडे.गोली से खत्म.दुष्यंत चौटाला की जोड़ी हरियाणा को नहीं चला सकती।

opensearch

पिपली में लाठीचार्ज से खफा किसानों ने किया डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला निवास का घेराव

सिरसा.ओपन सर्च
सफेद मक्खीए उखेड़ा रोग व बरसात से प्रभावित फसलों के मुआवजे की मांग और पिपली में किसानों पर हुए लाठीचार्ज मामले की जांच करवाने को लेकर किसानों द्वारा शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आवास का घेराव कर दिया। सैकड़ों की संख्या में किसानों ने बरनाला रोड स्थित चौटाला हाउस के समक्ष एकत्रित होकर नारेबाजी की। किसानों के प्रदर्शन में आशा वर्कर व बर्खास्त पीटीआई ने भी भाग लिया। किसानों के आंदोलन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे । एसडीएम जयवीर यादवए तहसीलदार सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर अखिल भारतीय स्वामीनाथन संघर्ष समिति के बैनर तले धरना दे रहे

किसानों ने किसान नेता विकल पचार की अगुवाई में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। इस अवसर पर विकल पचार ने कहा कि बीते दिवस पीपली में किसानों पर हुआ हुए लाठीचार्ज ने कंडेला कांड की याद दिला दी है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवी लाल किसान हितेषी थेए और प्रदेश के किसानों को चौधरी देवी लाल के परिवार से बहुत आशा है। उन्होंने कहा कि बीते दिवस पीपली में हुए लाठीचार्ज ने एक बार फिर से कंडेला कांड की याद दिला दी हैए जो कि इसी परिवार की देन है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला इस्तीफा देकर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के खिलाफ मामला दर्ज करवाएं । किसानों को 40हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए । उन्होंने कहा कि वे 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हैं अगर किसानों की मांगों को नहीं माना गया तो प्रदेश भर के किसान उपमुख्यमंत्री का विरोध करेंगे और किसी भी गांव में उन्हें घुसने नहीं दिया जाएगा । उन्होंने इस मामले की जांच करवाने की मांग की। इसके बाद सभी किसान प्रशासनिक अधिकारियों को बिना ज्ञापन सौपे ही धरना स्थल पर वापस पहुंच गए। साथ ही कहा कि पिपली में गुरुवार को आयोजित किसान बचाओए मंडी बचाओ रैली में किसानों पर लाठीचार्ज करवाने के मामले में जांच दुष?यंत चौटाला करवाए।

किसानों के प्रदर्शन में आशा वर्कर व बर्खास्त पीटीआई ने भी भाग लिया। किसानों के आंदोलन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे । एसडीएम जयवीर यादवए तहसीलदार सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

पिपली में कंडेला कांड की याद कर दी ताजा -हुड्डा

पानीपत.ओपन सर्च
पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को पिपली अनाज मंडी में पहुंचे। उन्होंने किसानों और आढ़तियों से बातचीत की और घायल किसानों का हालचाल जाना। वे इसके बाद प्रेसवार्ता की।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिपली में रैली करने जा रहे किसानों पर लाठीचार्ज कर कंडेला कांड की याद ताजा कर दी। सरकार को इसका फल भुगतना पड़ेगा। उन्होंने किसानों की मांगों को देखते हुए सरकार से चौथा अध्यादेश लाने की मांग की। इसके लिए सरकार को दस दिन का समय दिया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चेतावनी दी कि सरकार ऐसा नहीं करती है तो उनको सड़कों पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है। प्रदेश की भाजपा .जजपा गठबंधन सरकार से हर वर्ग दुखी है।

आढ़तियों और किसानों के समर्थन में कुरुक्षेत्र में कांग्रेस के तीन दिग्?गज नेता जुटे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष सैलजा कुमारी और रणदीप सुरजेवाला अलग.अलग समय पर शुक्रवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे। सभी ने प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा को घेरा। सबसे पहले सुबह 10 बजे राष?ट्रीय मीडिया प्रभारी रणदीप सुरजेवाला पिपली पहुंचे। इसके बाद 12 बजे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा पहुंची। उन्होंने भी प्रेसवार्ता की। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा करीब तीन बजे अनाजमंडी पहुंचे। वहां किसानों और आढ़तियों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने भी प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा पर किसानों के दमन का आरोप लगया। भारतीय किसान यूनियन की किसान बचाओ मंडी बचाओ रैली 10 अगस्त को पिपली की नई अनाज मंडी में प्रस्तावित थी। कोरोना महामारी को देखते हुए धारा.144 लगा दी थी। रैली की अनुमति नहीं दी। इससे किसान एकजुट हुए तो लाठीचार्ज कर दिया गया।

कुमारी सैलजा ने कहाए कांग्रेस सत्ता में आते ही वापस लेगी तीनों अध्यादेश

पानीपत/कुरुक्षेत्र। प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने तीन अध्यदेशों को किसान विरोधी बताया। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र सेक्टर तीन में प्रदेश महासचिव सुरेश के आवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाता को दबने नही देंगे। कांग्रेस ने सदा किसानों की भलाई के फैसले लिए। 1960 के दशक में एमएसपी की शुरुआत की। आढ़ती और किसान का चोली दामन का साथ है। भाजपा सरकार इसे खत्म करना चाह रही है। उन्होंने कहाए सरकार ने 2006 में बिहार में एक एक्सपेरिमेंट किया था। वह फेल रहा है। एमएसपी बंद कर सरकार किसानों को निजी व्यापारियों के हाथों में सौंपना चाहती है। किसानों पर दर्ज केस तुरंत वापस लिए जाएं। घायल किसानों को मुआवजा दिया जाए। सैलजा ने कहाए कांग्रेस सरकार आते ही यह तीनों अध्यदेश वापस लिए जाएंगे।

कांग्रेस किसानों पर लाठीचार्ज करने के मुद्दे पर आक्रामक हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डाए प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा और

राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला मैदान में उतर आए है। तीनों आज कुरुक्षेत्र में हैं। सबसे पहले सुबह 10 बजे पीपली पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला। इसके बाद 12 बजे कुमारी शैलजाए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष किसानों से मिलीं। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पिपली अनाज मंडी में किसान और आढ़तियों से मुलाकात करेंगे।

ये है मामला

भारतीय किसान यूनियन की किसान बचाओ मंडी बचाओ रैली वीरवार को पिपली की नई अनाज मंडी में प्रस्तावित थी। प्रशासन ने कोरोना महामारी को देखते हुए धारा.144 लगा दी थी। रैली की अनुमति नहीं दी। इससे किसान एकजुट हुए तो लाठीचार्ज कर दिया गया। इसके बाद हाईवे जाम हो गया और हरियाणा के अन्य जिलों में भी किसानों का आक्रोश बढ़ने लगा। इसे देखते हुए किसानों की रैली को मंजूरी दे दी गई थी।

संक्षिप्त समाचार

जींद में वारदातए बाइक सवारों ने दुकानदार को मारी गोली

पानीपत जींद। जींद के सफीदों शहर के घोड़ा पुली स्थित करियाना स्टोर संचालक को बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मार दी। गोली चलते ही बाजार में हड़कंप मच गया और बाजार के व्यापारी दुकान पर इकट्ठा हो गए। घायल दुकानदारों को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवायाए जहां से पीजीआइ रोहतक रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार गांव साहनपुर निवासी रोहताश ने घोड़ा पुली के निकट करियाना की दुकान खोली हुई है। बुधवार देर रात को वह दुकान को बंद करने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान बाइक सवार तीन बदमाश आए और दुकान के अंदर घुस गए और फायर कर दिया। दुकानदार को गोली बाजू में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे। दुकानदारों को आता देखकर बदमाश बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। शहर थाना प्रभारी देवीलाल व डीएसपी कप्तान ड्क्षसह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया कि दुकानदार को गोली किसने मारी है। डीएसपी कप्तान सिंह ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी है। दुकानदार के बयान दर्ज करने के बाद आगामी कार्रवाई करेगी।

नरवाना मार्ग पर गांव सफाखेड़ी के निकट बुधवार शाम को बाइक सवार चार बदमाशों ने ज्वेलर की आंखों में स्प्रे करके सोना.चांदी के जेवरात व 50 हजार रुपये की नकदी लूट ली। लूटपाट की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और उसकी शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया।

गांव डूमरखां कलां निवासी दीपक ने उचाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खकरभूरा गांव में काफी समय से ज्वेलरी की दुकान चलाता है। वह प्रतिदिन की तरह बुधवार शाम को भी खरकभूरा से अपनी बाइक से घर आ रहा था। वह अपने साथ बैग भी लिए हुए थाए जिसमें 65 ग्राम सोने के और 600 ग्राम चांदी के आभूषण थे। इसके अलावा 50 हजार रुपये की नकदी भी बैग में थी। जब वह शाम सवा सात बजे सफाखेड़ी गांव में बने पुल से निकल रहा रहा था तो इसी दौरान दो बाइकों पर सवार चार युवक आए और उन्होंने पीछा करना शुरू कर दिया। वह हेलमेट लगाए हुए थाए लेकिन हेलमेट का शीशा ऊपर किया हुआ था। जब तक वह मामले को समझ पाताए तब तक बदमाशों ने उसकी आंखों में स्प्रे डाल दिया। इससे उसको दिखाई देना बंद हो गया और उसने साइड में अपनी बाइक रोक ली। पांच मिनट बाद जब उसको हल्का सा दिखाई देने लगा तो उसने देखा कि उसकी बाइक के हैंडल पर टंगा बैग गायब था। वह धीरे.धीरे बाइक चलाकर घसो गांव के पास स्थित एक ढाबे पर पहुंचा और इस घटना के बारे में बताया।

सिडकुल में काम करने वाली युवती से छेड़छाड़ भारी पड़ाए मनचले को सड़क पर जमकर पीटा

रुद्रपुर। सिडकुल में काम करने वाली युवती के साथ छेड़छाड़ करना युवक को महंगा पड़ गया। आक्रोशित युवती ने आरोपित युवक को जमकर पीटा। यह देख लोग एकत्र होने लगे तो आरोपित फरार हो गया। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है। ट्रांजिट कैंप निवासी एक युवती सिडकुल की कंपनी में काम करती है। शुक्रवार सुबह सात बजे के आसपास वह घर से पैदल ही डयूटी के लिए निकली। बताया जा रहा है कि सिडकुल क्षेत्र में युवती को अकेले जाते देख एक युवक पहुंच गया। उसने उसका पीछा कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना।

इससे भड़की युवती ने उसकी धुनाई लगा दी। यह देख आसपास से गुजर रहे लोग मौके पर जुटने लगे। लोगों को एकत्र होता देख आरोपित भाग निकला। लोगों ने उसका पीछा भी किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। बाद में युवती अपने कार्यालय की ओर चले गई। सिडकुल चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि इस तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है। पीड़िता की शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अंबाला में कोरोना संक्रमण से तीन की मौतए 225 नए केस आए सामने



पानीपत। अंबाला में कोरोना संक्रमण से तीन की मौत हो गई। इसमें शहर की 60 वर्षीय महिलाए बराड़ा में 60 वर्षीय पुरुष और कैंट में 75 वर्षीय पुरुष की कोरोना संक्रमण से मौत हो गई। वीरवार को 225 कोरोना संक्रमित मिले हैए जो अभी तक पॉजिटिव मिलने वालों का सबसे बड़ा आंकड़ा रहा है। अंबाला में वीरवार को 225 कोरोना संक्रमित मिलने पर पॉजिटिव मरीजों की संख्या 5276 तक पहुंच गई। अच्छी बात है कि अभी तक 4209 संक्रमित स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। वर्तमान में 1014 सक्रिय मरीजों को मुलाना मेडिकल कालेज और मिशन अस्पताल में आइसोलेट किया है। वीरवार को कोरोना संक्रमण से तीन की मौत हो गई। इसमें शहर के छोटा बाजार में 60 वर्षीय महिलाए बराड़ा में 60 वर्षीय पुरुष और बब्याल में 75 वर्षीय पुरुष की कोरोना संक्रमण से मौत हो गई। जिले में अभी तक कोरोना संक्रमण 53 मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग की माने तो जिले में मृत्यु दर ए99 फीसद तक पहुंच गई है। अंबाला में वीरवार को 225 कोरोना संक्रमित मिले है। शहर में 102ए कैंट में 30ए शहजादपुर में 10ए मुलाना में 14ए नारायणगढ़ में 18ए बराड़ा में 10 और चौडमस्पुर में 41 संक्रमित मिले है। इसमें राम नगर में 3ए अशोक नगर में एकए गांधी नगर में 3ए रंजीत नगर में एकए बीसी बाजार में एकए इंदरपुरी में एकए राम किशन एकए साहा में 2ए न्यू टैगोर गार्डन में एकए पालम विहार में एकए सुल्तानपुर में 3ए कच्चा बाजार में 2ए दयाल बाग में एकए महेश नगर में एक ए रानी बाग में एकए मोती नगर में एकए दुर्गा नगर में 3ए रणजीत नगर में 3ए मॉडल टाउन में एकए विकास विहार में एकए जग्गी कॉलोनी में 2ए गणेश विहार में 2ए गीता नगरी में दो संक्रमित मिले हैं।

कैथल में 62 लोग कोरोना संक्रमितए रिकवरी रेट बढ़कर हुआ 67.2 प्रतिशत

पानीपत/कैथल। कैथल में कोरोना महामारी के तेजी से बढ़ रहे मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी हैं। वीरवार को जिले में कोरोना में कुल 62 संक्रमित केस मिले हैं। जबकि 41 लोगों ने कोरोना को हराया है। कैथल में कोरोना के मरीजों की अब तक की कुल संख्या बढ़कर 1617 हो गई है। शुरूआती चरण में तो केवल कैथल के शहरी क्षेत्रों में ही कोरोना संक्रमित होने के मामले सामने आते थेए अब जिले का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं हैए जहां कोरोना संक्रमित न मिल रहे हो। जिले में अब कुल एक्टिव केस 510 हो चुके हैं। अब तक जिले में कुल 21 मौत हो चुकी हैं। वीरवार को कलायत तहसील के तीन कर्मचारीए पूंडरी में बैंक के दो कर्मचारी कोरोना संक्रमित मिले। कैथल में 14ए सीवन में दोए कांगथली में एकए कलायत में पांचए गांव पिंजूपुरा में पांचए सौथा में एकए पूंडरी में नौए स्योंमाजरा और पोलड़ में दो.दो केस कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। जिले में अब तक कुल 1617 लोग कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। जबकि एक्टिव केस 510 हैं। वहींए अब तक कुल 1086 मरीज ठीक होकर अपने घर लौट चुके हैं। कोरोना से बचाव को लेकर सरकार की ओर से जारी की गई हिदायतों का पालन करना काफी जरूरी है। **एजेंसी**

अवैध शराब की तस्करी करते हुए शातिर आरोपी गिरफ्तार

इटावा.एजेंसी
अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन मे चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा एवं क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में एसओजी इटावा व थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा 5 शातिर अपराधियो को अवैध शराब की तस्करी करते हुए अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया।

थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संदग्धि व्यक्ति/वाहन चोकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि एक यामाहा मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति कचौरा रोड पर कचौरा घाट की तरफसे इटावा की तरफ आ रहे है ,जिनके पास अवैध शराब है एवं इनके पीछे एक टेम्पो भी आ रहा है उसमें भी अवैध शराब रखी हुयी है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कचौरा रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज पर चौकिग की जाने लगी तभी एक यामाहा मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये एवं उनके पीछे एक टेम्पो भी आता हुया दिखायी दिया जिनको एसओजी इटावा व थाना सिविल लाइन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियो द्वारा मोटरसाइकिल को पीछे मोडकर भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल का प्रयोग कर घेरकर पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्तियो की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उनके पास से मोटर साइकिल के बीच में 2 कार्टून रखे मिले जिनको खोलकर देखा गया तो उसमें 100 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुयी एवं पीछे आता हुया टेम्पो को रोक कर तलाशी ली गयी तो

टेम्पो के अन्दर 15 कार्टून देशी शराब(कुल 720 क्वार्टर) के बरामद हुए। उक्त शराब व मोटरसाइकिल के लाइसेंस एवं जरूरी प्रपत्र मांगने पर उक्त व्यक्तियो द्वारा असमर्थता जतायी गयी।

गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम संदीप कुमार पुत्र मनोज बाबू निवासी तोडा थाना सिविल लाइन, जयवीर पुत्र रूपसिंह निवासी लुहन्ना थाना सिविल लाइन, फैजान पुत्र फरियाद निवासी जैतपुर थाना जैतपुर जनपद आगरा, रियान पुत्र इस्माइल निवासी महावीरगंज थाना भिंड कोतवाली जनपद भिंड, विशाल पुत्र रघुवीर निवासी महावीरगंज थाना भिंड कोतवाली जनपद भिंड बताया। उनके पास से 820 क्वार्टर देशी शराब, एक टेम्पो एक मोटरसाइकिल यामाहा बरामद हुई।

इस सफलता में सतेन्द्र यादव प्रभारी एसओजी, वी.के. सिंह प्रभारी सर्विलांस, राजकुमार शर्मा प्रभारी यातायात, जीतेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष थाना सिविल लाइन व टीम का सराहनीय योगदान रहा।

संक्षिप्त समाचार

कार व बाइक की टक्कर से बाइक चालक सहित तीन बच्चे घायल

शाहजहांपुर.एजेंसी ।
शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद के बारह पत्थर के पास कार व बाइक की हुई जबरदस्त टक्कर। जिससे बाइक सवार सहित तीन बच्चे हुए घायल। दवा का खर्चा मिलने पर पुलिस ने कराया समझौता। आपको बता दें थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव ढका उजेरा का युवक अजीत जलालाबाद कस्बे में अपनी मौसी को बुलाने गया था। जहां से वह अपने मौसेरे भाई बहनों को बैठाकर वापस ढ़का उजेरा गांव की ओर जा रहा था। तभी बाइक चालक एक कार से टकरा गया। बाइक सवार घसीटता हुआ काफी दूर जाकर गिरा। जिससे अजीत, दिव्या, मिली, अनूप को चोटे आई आई हैं। वही चोट लगने के बाद कार के मालिक ने घायलों को सीएससी नगरिया अस्पताल ले गए जहां उनका उपचार हुआ। बाद में परिजन सूचना पर अस्पताल में पहुंच गए और और हंगामा करने लगे। तभी वहां पर जलालाबाद के कोतवाल धीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए और उन्होंने स्थित को समझा। इसके बाद इलाज का खर्चा देने पर दोनों की सहमति बनी। तब जाकर मामला शांत हुआ।

उप्रः नाबालिग जोड़े के साथ मारपीट करने के आरोप में 9 गिरफ्तार

महाराजगंज (उप्र), उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में एक नाबालिग जोड़े को कथित तौर पर नौ लोगों द्वारा पोल से बांधकर उनकी पिटाई करने का मामला सामने आया है। आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कथित तौर पर यह घटना 10 दिन पहले हुई थी, लेकिन इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गुरुवार को आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। किशोरी के परिवार वालों ने भी लड़के के खिलाफशिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान ने कहा, वीडियो का संज्ञान लेते हुए महाराजगंज जिले के गुघली पुलिस स्टेशन में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। पहला मामला लड़की के परिवार से मिली लिखित शिकायत के आधार पर पोक्सो अधिनियम के तहत लड़के के खिलाफ है। लड़के को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। एसपी ने कहा, दूसरा मामला उन लोगों के खिलाफहै जिन्होंने जोड़े को बांध दिया था और उनकी पिटाई की थी, जबकि तीसरा मामला आईपीसी की धारा 228 (ए) के तहत उस सोशल मीडिया अकाउंट पर दर्ज की गई है जिसने पीड़ितों की पहचान उजागर करते हुए वीडियो प्रसारित किया था। पुलिस ने कहा कि जोड़े पर हमला करने वालों की पहचान भोलू प्रजापति, पवन प्रजापति, सहिलेश यादव, अजीत, मोहित, विश्वामित्र, मंजीत यादव, फूलबदन यादव और अवधेश प्रजापति के रूप में की गई है

अलीगढ़ में दिनदहाड़े सर्राफदुकान में लाखों की लूट

अलीगढ़, बन्नादेवी के सरसौल में सुंदर ज्वैलर्स के यहां मोटर साइकिल सवार तीन बदमाशों ने शुक्रवार को तमंचा दिखाकर करीब 35 लाख रुपये का सोना और 40 हजार रुपये का कैश लूट ले गए। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना की जानकारी पर आईजी पीयूष मोडिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश शुरु कर दी है। सरसौल चौराहे के खैर बाईपास रोड पर सुंदर ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को बताया कि शुकवार की दोपहर करीब तीन बजे मोटर साइकिल पर सवार तीन सशस्त्र बदमाश आए और ज्वैलर्स की दुकान में घुसकर तमंचे के बल पर करीब 35 लाख रुपये के सोने के आभूषण और 40 हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गये। फिल्मी स्टाइल से लुटेरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी आईजी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल की जांच की।

कोर्ट के आदेश पर दरोगा के खिलाफमुकदमा दर्ज

नजीबाबाद । कोर्ट के आदेश के बाद नजीबाबाद पुलिस ने एक दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दरोगा पर एक अधिवक्ता के साथ मारपीट करने और रुपए मांगने का आरोप है। ग्राम शेखपुर गढ़ू निवासी अधिवक्ता पंकज विश्नोई ने सीजेएम न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि उसके खिलाफ एक मुकदमा थाना नजीबाबाद पर दर्ज हुआ था। इसके विवेचक जाब्तागंज चौकी प्रभारी कुमरेश त्यागी ने उसे फोन कर पुलिस चौकी जाब्तागंज बुलाया था। अधिवक्ता से साक्ष्य देखने के बाद भी दरोगा ने अधिवक्ता से 20 हजार रूपए मांगे थे। इस पर अधिवक्ता ने अपने दस्तावेज व साक्ष्य रजिस्टर्ड डाक से भेजे थे। एसआई ने रजिस्टर्ड डाक भी लेने से इंकार कर दिया था।

14 मई को एसआई कुमरेश त्यागी उसके घर आया तथा 20 हजार रूपए न देने पर उसके साथ मारपीट की। सीजेएम दिलीप सचान ने अधिवक्ता के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में अधिवक्ता से बीस हजार रुपये मांगने व उसके साथ मारपीट करने के मामले में दरोगा कुमरेश त्यागी के खिलाफ नजीबाबाद पुलिस को एफआईआर दर्ज कर जांच करने का आदेश दिए। न्यायालय के आदेश के बाद शुक्रवार को नजीबाबाद पुलिस ने एसआई कुमरेश त्यागी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष संजय शर्मा नेए बताया कि न्यायालय के आदेश पर एसआई कुमरेश त्यागी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

रहस्यमय स्थिति में वाहन चालक लापता, नदी किनारे मिले कपड़े

नजीबाबाद । मुरादाबाद से देहरादून जा रही पिकअप वाहन का चालक भागूवाला क्षेत्र में रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। चालक के कपड़े और चप्पल नदी के निकट मिली। वाहन भी लावारिस हालत में मिलने पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। सेलाकुई देहरादून निवासी ट्रांसपोर्टर पिकअप स्वामी रोहित चौधरी अपने पिकअप वाहन से मुरादाबाद से देहरादून जाते समय भागूवाला क्षेत्र में अचानक लापता हो गया। बुधवार को मुरादाबाद से रवाना होने के बाद देर शाम रोहित ने अपने भाई सचिन को फोन पर बताया था कि उसके मोबाइल की बैटरी डाउन है। उसे नींद आ रही है और वह नहाने के बाद भागूवाला क्षेत्र में ही आराम करेगा। गुरुवार को रोहित से संपर्क न होने पर परिजन शुक्रवार को उसकी तलाश में निकले। नजीबाबाद तहसील के कोटावाली पुल के निकट पिकअप वाहन लावारिस हालत में मिल गया।

ट्रक के धक्के से मोपेड़ सवार अधेड़ की मौत

मीरजापुर, विन्ध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर अकोढी गांव के समीप शुक्रवार की दोपहर ट्रक के धक्के से मोपेड़ सवार अधेड़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव निवासी 55 वर्षीय आजम शुक्रवार की दोपहर अपनी मोपेड़ पर सवार होकर मीरजापुर नगर के लिए निकला था। रास्ते में अकोढ़ी गांव के समीप पीछे से आ रही तेजरतार ट्रक ने उसे धक्का मार दिया। घटनास्थल पर ही अधेड़ ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम को भेजा। दुर्घना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर अग्रीम कार्यवाई में जुट गई।

आपसी विवाद में सपा नेता के भतीजे की बस से कुचल कर हत्या, एक घायल

हापुड़, आपसी विवाद के बाद बस चालक ने शुक्रवार को सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव वैट निवासी सपा नेता के भतीजे की बस से कुचल कर हत्या कर दी। मृतक का एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में तनाव के कारण पुलिस बल तैनात किया गया है। सिम्भावली थाना क्षेत्र के गांव वैट निवासी फक्कीरा चौधरी समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव हैं। शुक्रवार को उनके भतीजे परवेज और उसके साथी वसीम की बस चालक बिलाल से किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई और बाद में मारपीट हो गई। परवेज ने अपने घर फोन कर झगड़े के बारे में जानकारी दी।

इसके बाद वह अपने साथी वसीम के साथ अपने घर जाने के लिए सड़क

अयोध्या में उद्धव का स्वागत नहीं: विहिप

अयोध्या.एजेंसी । अयोध्या के साधु संतों और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने घोषणा की है कि कंगना रनौत प्रकरण के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का 'अयोध्या में स्वागत नहीं है'।

हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने रनौत के कार्यालय को बीएमसी द्वारा ध्वस्त किए जाने को लेकर सवाल उठाए और कहा, 'उद्धव ठाकरे और शिवसेना का अयोध्या में कोई स्वागत नहीं है। अब अगर वह यहां आते हैं, तो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को अयोध्या के संतों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने आगे कहा, 'महाराष्ट्र सरकार ने अभिनेत्री के खिलाफबिना समय बर्बाद किए काम को अंजाम दिया। लेकिन वही सरकार अभी तक पालघर में दो साधुओं [illegible] हत्यारों [illegible] खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकी है। विहिप के क्षेत्रीय प्रवक्ता [illegible] शर्मा कहा, 'यह बहुत स्पष्ट है कि शिवसे[illegible] जानबूझकर अभिनेत्री को निशाना बना रही है क्योंकि वह राष्ट्रवादी ताकतों का समर्थन कर रही है और उसने मुंबई के ड्रग माफिया के खिलाफ आवाज उठाई है।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा कंगना रनौत के खिलाफ गलत इरादे से कार्रवाई की गई है। अयोध्या संत समाज के प्रमुख महंत कन्हैया दास ने महाराष्ट्र सरकार पर उन लोगों को बचाने का भी आरोप लगाया, जो असामाजिक गतिविधियों में शामिल हैं और उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को अयोध्या न आने की चेतावनी दी।

महंत कन्हैया दास ने कहा, 'अब अयोध्या में उद्धव ठाकरे का स्वागत नहीं है। शिवसेना रनौत पर हमला क्यों कर रही है? हर कोई समझ सकता है। यह कोई रहस्य नहीं है। [illegible] वह नहीं [illegible] हो, [illegible] बाबरी [illegible] ठाकरे के अध्यक्ष [illegible] थे [illegible] 2 नवंबर 2018 को अयोध्या आए थे।

फसल अवशेष न जले इसके लिये जन जागरुकता चलेगी: जिला प्रशासन

कुशीनगर, जिलाधिकारी भूपेंद्र एस चौधरी ने जनपद में फसल अवशेषों के जलाये जाने पर प्रभावी नियंत्रण के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये जाने के साथ ही इसके लिये तहसील स्तर पर पूर्व में गठित स्क्वाईड्स टीम को सक्रिय होने का निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि यह टीम फसल अवशेष जलाये जाने पर नियमानुसार दण्डित करने की कार्यवाही, जुर्माने की वसूली आदि को सुनिश्चित करायेगी तथा फसल अवशेषों के जलाने पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करेगी। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में फसल प्रबन्धन बैठक की अध्यक्षता करते हुए उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गठित टीमो में संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार, कृषि, गन्ना विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी गण व थानाध्यक्ष को [illegible] नामित किया गया है।

कुशीनगर में प्रेमी युगल के मुंह में कालिख पोत कर घुमाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कुशीनगर.एजेंसी
उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के हाटा नगर क्षेत्र में प्रेमी युगल के मुंह में कालिख पोत कर घुमाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के हाटा नगर पालिका परिषद के एक वार्ड में प्रेमी युगल को मुंह में कालिख पोत, बाल काटकर और जूते- चप्पल की माला पहनाकर घुमाने के मामले में गुरुवार को चार और वीडियो सामने आए। हाटा पुलिस इन सभी वीडियो का इस्तेमाल मुकदमे के साक्ष्य के तौर पर करेगी। मुकदमे में पहले छह ही आरोपी नामजद थे मगर अब [illegible] 2 नामों का खुलासा कर दिया गया है। यह [illegible] भी उसी मोहल्ले के लोग हैं, जो सभासद प्रतिनिधि की गुंडई में साथ [illegible] रहे थे। हाटा नगरपालिका के एक वार्ड में बीते सोमवार की रात एक ही वर्ग के प्रेमी-प्रेमिका को एक साथ देखने पर परिजनों ने प्रेमी को पीट कर कमरे में बंद कर दिया था। मंगलवार को सभासद प्रतिनिधि ने दोनों को एक धर्मस्थल में ले जाकर लोगों के सामने मुंह में कालिख पोती।

बाल कटवाए और जूतों की माला पहना कर घुमाया था। बुधवार को घटना की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने वार्ड के चौकीदार की तहरीर पर छह नामजद व दर्जनों अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। मुख्य आरोपी सभासद प्रतिनिधि हामिद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ और वीडियो के आधार पर छह आरोपियों के नाम प्रकाश में आए। इसके बाद पुलिस ने कमालुद्दीन, माजिद, दाऊद, हलीम, रफीक, शौकत अली, अनवर, खुर्शीद, औरंगजेब, जुमराती सहित सभी बारह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल ज्ञानेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मामले में 15 और आरोपियों की पहचान की गिरफ्तारी की जानी है। घटना के दौरान कुल 27 लोग मौजूद थे, जिन्होंने सभासद की करतूत में उसका साथ दिया। उनकी पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस टीमें गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। गुरुवार को घटना से संबंधित जो चार वीडियो सामने आए, उनमें एक वीडियो में मामले का मुख्य आरोपी सभासद प्रतिनिधि खुद वीडियो बनाता दिख रहा है। दूसरे में धर्मस्थल में बैठाकर दोनों के बाल काटे जा रहे हैं। तीसरे में उन्हें धमका कर खुद जूतों की माला पहनने को कहा जा रहा है।

शाहजहांपुर पुलिस ने फिर पेश की मानवता की मिशाल, एक ट्विट पर रक्तदान कर बचायी जान, परिजनों ने दिया धन्यवाद

शाहजहांपुर, । जनता और पुलिस के बीच आपसी विश्वास बढाने के सम्बन्ध में जनपद पुलिस को समय-समय पर जनता की हरसंभव मदद करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। बीती रात करीब 08.26 पर हर्षित गुप्ता रामदास द्वारा अपने ट्विटर एकाउण्ट से एक यूनिट ब्लड की शीघ्र आवश्यकता है तथा उपलब्ध कराने हेतु शाहजहांपुर पुलिस के ट्विटर एकाउण्ट पर ट्विट किया। सोशल मीडिया सेल मे कार्यरत पुलिसकर्मी द्वारा तत्काल सज्ञांन लेते हुये जानकारी की गयी तथा परिजनो द्वारा बताया गया कि श्रीमती शिखा प्रेग्नेट है तथा शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल मे उनका शीघ्र ऑपरेशन होना है, जिसमे ब्लड की आवश्यकता है। जानकारी होने पर थानाध्यक्ष सेरामऊ दक्षिणी श्री नीरज सिंह द्वारा स्वयं रक्तदान करने हेतु बताया तथा परिजनो से वार्ता कर सांत्वना दी तथा हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। आज थानाध्यक्ष सेरामऊ दक्षिणी श्री नीरज सिंह द्वारा बताये गये निजी अस्पताल (जैन

हॉस्पिटल) मे जाकर रक्तदान कर उनकी मदद की। परिवारजनो द्वारा शीघ्र मदद हेतु शाहजहांपुर पुलिस का धन्यवाद दिया। थानाध्यक्ष सेरामऊ दक्षिणी द्वारा तत्काल अस्पताल पहुँचकर रक्तदान करने पर परिवारजनो द्वारा ढेरों आशीर्वाद दिये तथा शीघ्र मदद हेतु शाहजहांपुर पुलिस का धन्यवाद दिया गया। इसी के साथ जनपद शाहजहांपुर की जनता द्वारा पुलिस के इस मानवीय कार्य हेतु घोर प्रशंसा की गयी तथा जनता में विश्वास बढाने के उद्देश्य हेतु पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर द्वारा थानाध्यक्ष सेरामऊ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा की गयी।

योगी की सख्ती बरकरार, कुछ और पुलिसकर्मी निलंबित

लखनऊ.एजेंसी
भ्रष्टाचार को लेकर अपनी शून्य-सहनशीलता की नीति पर चलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों पर शिकंजा कसना जारी रखा है। बीते 24 घंटे के अंदर दो आईपीएस अधिकारियों को निलंबित करने के बाद राज्य सरकार ने गुरुवार की रात को भ्रष्टाचार के आरोपों और ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित एसएसपी मणि लाल पाटीदार के खिलाफ महोबा में जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया है। वहीं महोबा में सरकार ने चरखारी पुलिस स्टेशन के पूर्व इंस्पेक्टर राजेश कुमार सरोज, खरेला के पूर्व थाना प्रभारी राजू सिंह, करबई के पूर्व एसओ देवेंद्र शुक्ला और कांस्टेबल राजकुमार कश्यप को निलंबित कर दिया है।एसएसपी महोबा मणि लाल पाटीदार को पहले बुधवार को निलंबित कर दिया गया था और उनके खिलाफ विजिलेंस जांच का आदेश दिया गया है। प्रयागराज में जहां एसएसपी अभिषेक दीक्षित को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया, वहीं नौ पुलिसकर्मियों को कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।करेली इंस्पेक्टर अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अतरसुइया इंस्पेक्टर संदीप मिश्रा, करेली इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार नागर, सब-इंस्पेक्टर गौरव तिवारी, प्रेम कुमार, कुलदीप कुमार यादव, दुर्गेश राय, इबरार अंसारी और हेड कांस्टेबल राम प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राप्त शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई है और आने वाले दिनों में और कई पर गाज गिरने की उम्मीद है। एडीजी रैंक के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कार्रवाई बहुत पहले की जानी चाहिए थी, लेकिन यह अभी भी स्वागत योग्य है।

कटरी में छुपकर असलहों की फैक्ट्री चला रहा गैंगस्टर अनिल यादव गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अपराध पर अंकुश लगाने के प्रयास में लगी पुलिस इनामी बदमाशो को पकड़कर उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाने में लगी है। ताजा मामला शाहजहांपुर से है, जहां पुलिस ने कटरी में छिपकर असलहों की फैक्ट्री चला रहे एक गैंगेस्टर को पकड़कर जेल भेज दिया। उसके पास से भारी मात्रा के बने तथा अधबने असलाह भी बरामद हुए। मदनापुर थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बेहगुल नदी के किनारे कटरी के गांव पंखाखेड़ा में अवैध असलाह फैक्ट्री चलने की जानकारी मिली तो मौके पर पुलिस टीम के साथ छापा मारा। जहां थाना गढ़िया रंगीन के ग्राम रूद्रपुर का रहने वाले अनिल यादव को असलाह बनाते पकड़ा। मौके से पुलिस को बड़ी मात्रा में निर्मित तथा अर्धनिर्मित तमंचे बरामद हुए।

रंजीश में युवक की हत्या कर शव को नदी में फेंका, तीन गिरफ्तार

आजमगढ़, जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के अहिरौली खीजिरपुर गांव में 16 साल पुरानी रंजीश को लेकर युवक की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया। शुक्रवार को नदी से शव बरामद होने के बाद परिजनों ने 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर पूछताछ कर ही है। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के अहिरौली खिजरीपुर गांव निवासी सागर राजभर उर्फ बबलू 19 वर्ष सात सितम्बर की शाम को शौच करने के लिए घर से निकला। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चल सका है। सुबह होने पर परिजनों ने अपने सगे संबंधियों के यहां भी जानकारी ली लेकिन जब कही कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने 10 सितम्बर को देवगांव कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी। 10 सितम्बर की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि गायब युवक का चप्पल गांव के सीवान में मिला है। सूचना के बाद पुलिस फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक चप्पल और खून के निशान के धब्बे मिले लेकिन घंटों की छानबीन के बाद भी पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। शुक्रवार को दोपहर में हनाजपुर थाना क्षेत्र में बहने वाली गांगे नदी में एक युवक शव ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसी बीच शव मिलने की सूचना के बाद सागर के परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने शव की शिनाख्त सागर के रूप में की। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में 11 आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि चार दिनों पूर्व घर से लापता हुए युवक का शव दूसरे थानाक्षेत्र की नहर में मिला है।

एसपी साउथ ने एक साथ तीन थाना क्षेत्रों की छापेमारी, लाखों रुपये के साथ आठ सटोरिये गिरफ्तार

कानपुर.एजेंसी । कोरोना काल में जहां लोगों का धंधा कमजोर हो रहा है तो वहीं सटोरियों का धंधा सिर चढ़कर बोल रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चल रहे सट्टा के धंधे की जानकारी पर शुक्रवार पुलिस अधीक्षक दक्षिण दीपक भूकर ने एक साथ तीन थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर लाखों रुपयों के साथ आठ सटोरियों को धर दबोचा। यह सटोरिये सेंसेक्स और आईपीएल सहित क्रिकेट मैचों में सट्टा लगाते थे। वहीं सटोरियों के पक्ष में इलाके की महिलाएं व पुरुष भी खड़े हो गये और थाने का घेराव कर दिये। हालांकि पुलिस थाने के अंदर रुपयों की गिनती कर सटोरियों को किसी भी सूरत में रहम दिल करने के मूड में नहीं है। पिछले दिनों पुलिस ने काकादेव के विजयनगर व कल्याणपुर में छापा मारकर सात सटोरियों को गिरफ्तार किया था। इन सटोरियों के पास से करीब 38000 रुपये बरामद हुए थे।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल नंबरों की पड़ताल शुरु की तो नजीराबाद के गुमटी नंबर 5, फजलगंज के दर्शनपुरवा और काकादेव शास्त्री नगर इलाके में सट्टा होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस अधीक्षक दक्षिण दीपक भूकर ने शुक्रवार को सीओ नजीराबाद व पुलिस लाइन की फोर्स के साथ एक साथ नजीराबाद, फजलगंज और काकादेव थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर आठ सटोरियों को लाखों रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये सटोरियों को नजीराबाद थाना लाया गया और रुपयों की गिनती शुरु करने के साथ पूछताछ भी तेज कर दी गयी। इसी बीच इलाके की महिलाएं व पुरुष सटोरियों के पक्ष में आकर थाने का घेराव शुरु कर दिया, लेकिन पुलिस पीछे हटने को तैयार नहीं हुई और थाने का गेट बंद कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों के पास से लाखों रुपए, मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया है। एसपी साउथ ने बताया कि बरामद हुई रकम की गिनती की जा रही है। आठ व्यक्ति पकड़े गए हैं, उनसे पूछताछ जारी है।

यह सभी सटोरिये सेंसेक्स और आईपीएल सहित क्रिकेट मैचों में सट्टा लगाते थे।

opensearch

संक्षिप्त समाचार

हुवेई ने नया नोटबुक, स्मार्टवॉच और ऑडियो एक्सेसरीज लॉन्च किए

नई दिल्ली.एजेंसी। चीनी टेक जाएंट हुवेई ने आज चीन में आयोजित एक इवेंट के दौरान छह नए उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की। इनमें नोटबुक, स्मार्टवॉच और ऑडियो एक्सेसरीज शामिल हैं। नए उत्पादों में हुवेई मेटबुक एक्स, मेटबुक 14, दो नए लाइटवेट नोटबुक और प्रीबड्स प्रो, फ्रीलेस प्रो और ऑडियो प्रॉडक्ट्स के नए प्रो वेरिएंट्स शामिल हैं। ये ऑडियो प्रॉडक्ट्स एक्टिव नॉइज केंसीलेशन (एएनसी) फीचर से लैस हैं।

कम्पनी ने इन सबके अलावा वॉच जीटी प्रो और लवॉच फिट भी लॉन्च किया। ये हुवेई के वीयरेबल प्रॉडक्ट्स परिवार के नए सदस्य हैं। इन वीयरेबल्स में नया फिटनेस डाटा ट्रैकिंग फीचर्स हैं और वर्कआउट मोड्स भी हैं। वॉचफिट हुवेई का पहला राउंडेड रेक्टेंगुलर वॉच फेस डिजाइन वाला स्मार्टवॉच है। इसमें 1.64 इंच का एमोलेड एचडी डिस्प्ले है और यह टिपिकल सिनेरियो में 10 दिनों तक बिना चार्ज किए काम कर सकता है। इसी तरह नया वॉच जीटी 2 प्रो दो सप्ताह की बैटरी लाइफ का दावा करता है। इसमें 100 से अधिक वर्कआउट मोड्स हैं और प्रो ग्रेड फिटनेस डाटा ट्रैकिंग फीचर्स हैं

रुपया सात पैसे टूटकर 73.53 पर बंद

मुंबई। रुपया आरंभिक आंकड़ों के मुताबिक डॉलर के मुकाबले सात पैसे टूटकर शुक्रवार को 73.53 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार पर डॉलर के मुकाबले रुपया 73.50 पर खुला। कारोबार के अंत में यह पिछले बंद स्तर से सात पैसे गिरकर 73.53 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 73.40 के उच्चतम और 73.61 के निचले स्तर को छुआ। बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 73.46 पर बंद हुआ था। इस बीच छह वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला सूचकांक 0.13 प्रतिशत गिरकर 93.21 अंक पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई का 30 कंपनियों का सूचकांक सेंसेक्स 9.66 अंक की बढ़त के साथ 38,830.66 अंक पर और निफ्टी 0.35 अंक के सुधार के साथ 11,449.60 अंक पर चल रहा है। आरंभिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 838.37 करोड़ रुपये की लिवाली की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 0.15 प्रतिशत गिरकर 40 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

अडाणी पोर्ट्स एंड सेज ने डिबेंचर से जुटाए 900 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। अडाणी पोर्ट्स एंड सेज (एपीसेज) ने निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) आवंटित कर 900 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को इस बारे में शुक्रवार को सूचित किया। सूचना के मुताबिक, ''कंपनी ने 10,00,000 रुपये अंकित मूल्य के 9,000 सूचीबद्ध, सुरक्षित और भुनाने योग्य एनसीडी जारी कर शुक्रवार को 900 करोड़ रुपये जुटाए। इनका आवंटन निजी नियोजन के आधार पर किया गया।'' कंपनी ने कहा कि इन एनसीडी को बीएसई पर थोक बांड बाजार श्रेणी में सूचीबद्ध कराया जाएगा।

ब्रिटिश एयरवेज लंदन के हीथ्रो से भारत के हैदराबाद तक शनिवार से सीधी उड़ान संचालित करेगी

मुंबई। ब्रिटेन की विमानन सेवा कंपनी ब्रिटिश एयरवेज शनिवार से लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से भारत के हैदराबाद से तक सीधी उड़ान सेवा संचालित करेगी। ब्रिटिश एयरवेज ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय विशेष उड़ान समझौते (एयर बबल पैक्ट) के तहत कंपनी फिलहाल सिर्फ हैदराबाद से लंदन के लिए उड़ानें संचालित कर रही है। शनिवार से वह लंदन से हैदराबाद के बीच सप्ताह में चार उड़ानें चलाएगी। उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश एयरवेज वर्तमान में दिल्ली, मुम्बई और लंदन के बीच भी उड़ान सेवाएं परिचालित कर रही है। चेन्नई और बेंगलूरू से भी लंदन के हीथ्रो के लिए उड़ानें हो रही हैं। कुल मिलाकर भारत से ब्रिटेन के लिए हैदराबाद की उड़ान सहित सप्ताह में 23 उड़ानें हो रही हैं।

दस सितम्बर को 1.32 लाख यात्रियों ने विमान से उड़ान भरीः एमओसीए

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना वायरस की वजह से सरकार द्वारा लगाई गई पूर्ण बंदी के बाद से पहली बार गुरुवार को हवाई यात्रियों की संख्या 1.32 लाख के पार पहुंच गई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 10 सितम्बर को रिकॉर्ड 1,308 उड़ानें रवाना हुई। इन उड़ानों में कुल 1,32,293 यात्रियों ने सफर किया, जो पूर्णबंदी के बाद का नया रिकॉर्ड है। उल्लेखनीय है कि पूर्णबंदी के दौरान 25 मार्च से देश में सभी प्रकार की नियमित यात्री उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी। दो महीने के अंतराल के बाद 25 मई से घरेलू यात्री उड़ानें दुबारा शुरू की गई हैं।

नौ महीने से जारी गिरावट के बाद अगस्त में यात्री वाहन बिक्री 14 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

नई दिल्ली, वेबवार्ता

घरेलू वाहन बाजार में नौ महीने से जारी गिरावट का दौर अगस्त में थम गया। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 14.16 प्रतिशत बढ़कर 2,15,916 इकाई रही। जबकि पिछले साल इसी माह में यह आंकड़ा 1,89,129 वाहन था। घरेलू वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चर्स (सियाम) ने शुक्रवार को इस संबंध में आंकड़े जारी किए। सियाम ने कहा कि पिछले साल अक्टूबर में यात्री वाहनों की बिक्री में उससे पिछले 11 महीनों के गिरावट के रुख के बाद मामूली वृद्धि दर्ज की गयी थी। जबकि इस साल अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री में यह गिरावट अब नौ महीने बाद थमी है। इसी तरह यूटिलिटी वाहन श्रेणी की बिक्री भी अगस्त में 15.54 प्रतिशत बढ़कर 81,842 इकाई रही। जबकि पिछले साल इसी माह में यह 70,837 वाहन थी। समीक्षावधि में वैन की बिक्री 3.82 प्रतिशत बढ़कर 9,359 वाहन रही। अगस्त 2019 में यह आंकड़ा 9,015 वाहन था। सियाम के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 15,59,665 वाहन रही। पिछले साल अगस्त में यह 15,14,196 वाहन थी। इसमें मोटरसाइकिल की बिक्री 10.13 प्रतिशत बढ़कर 10,32,476 इकाई और स्कूटर की बिक्री 12.3 प्रतिशत घटकर 4,56,848 रही। पिछले साल यह आंकड़ा क्रमशः 9,37,486 और 5,20,898 इकाई था। तिपहिया वाहनों की बिक्री में भी गिरावट का रुख रहा। अगस्त में यह 75.29 प्रतिशत गिरकर 14,534 इकाई रही जो पिछले साल इसी माह में 58,818 इकाई थी। सियाम के नवनियुक्त अध्यक्ष केनिची आयुकावा ने कहा, '' हमने वाहन बाजार में फिर से वृद्धि को महसूस करना शुरू किया है। इससे वाहन उद्योग का विशेषकर दोपहिया और यात्री वाहन श्रेणियों में आत्मविश्वास बढ़ा है।'' उन्होंने कहा कि हालांकि अगस्त में मौजूदा बिक्री में वृद्धि इसलिए दिख रही है, क्योंकि पिछले साल इसी माह में वाहन बिक्री काफी नीचे थे। वर्ष 2019 में अगस्त के दौरान यात्री वाहन श्रेणी में 32 प्रतिशत और दोपहिया श्रेणी में 22 प्रतिशत की गिरावट रही थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि वाहन उद्योग आगामी त्यौहारी मौसम में खरीदारी बढ़ने से बाजार एवं उद्योग में फिर से सुधार होने को लेकर आशान्वित है। सियाम के आंकड़ों के मुताबिक, देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की थोक बिक्री अगस्त में 21.32 प्रतिशत बढ़कर 1,13,033 वाहन रही। वहीं उसकी प्रतिद्वंदी हुंदै मोटर इंडिया की बिक्री भी 19.9 प्रतिशत बढ़कर 45,809 वाहन रही। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री 1.09 प्रतिशत बढ़कर 13,651 वाहन, किया मोटर्स की 74.07 प्रतिशत बढ़कर 10,853 वाहन और रेनॉ इंडिया की 41.3 प्रतिशत बढ़कर 8,060 इकाई रही।

अडाणी ग्रीन एनर्जी को जून तिमाही में 21.75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली.एजेंसी। उद्योगपति गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले अडाणी समूह की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 21.75 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2019-20 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी 97.44 करोड़ रुपये के घाटे में थी। शेयर बाजार को शुक्रवार को दी जानकारी में कंपनी ने कहा कि समीक्षावधि में उसकी कुल आय 878.14 करोड़ रुपये रही। यह इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 675.23 करोड़ रुपये थी। कंपनी का कुल निर्यात (बिजली का) इस दौरान 138.2 करोड़ यूनिट रहा। यह इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 24 प्रतिशत अधिक है। कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में काम करती है। कोविड-19 संकट के असर पर कंपनी ने कहा कि इसका उसके कारोबार और वित्तीय हालत पर बहुत अधिक प्रभाव नहीं हुआ है। इस बारे में कंपनी के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि स्वच्छ प्रौद्योगिकी के लिए बढ़ रही घरेलू और वैश्विक मांग ने देश में स्वच्छ ऊर्जा की दिशा बदली है और इसे गति दी है।

ग्लोबल इकोनॉमिक इंडेक्स में भारत 26 स्थान फिसलकर 105वें पायदान पर

नई दिल्ली.एजेंसी।

ग्लोबल इकोनॉमिक फ्रीडम इंडेक्स 2020 की ताजा रैंकिंग जारी कर दी गई है। इसमें भारत 26 स्थान फिसलकर 105वें पायदान पर आ गया है। रैंकिंग में भारत सहित 162 अन्य देशों को शामिल किया गया है। द इकोनॉमिक फ्रीडम ऑफ द वर्ल्ड 2020 की सालाना रिपोर्ट को कनाडा की फ्रेजर इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार किया गया है। भारत में इसे नई दिल्ली स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी के साथ मिलकर जारी किया गया है। इससे पहले साल 2018 में जारी रैंकिंग में भारत 79वें स्थान पर था।

रिपोर्ट के मुताबिकए सरकार के साइज के मामले में भारत को पिछले साल जहां 10 में से 8ण्22 अंक मिले थे वहीं इस बार 7ण्16 अंक मिला है। लीगल सिस्टम के मामले में 5ण्17 की जगह 5ण्06 अंक मिला है। ग्लोबल ट्रेड में फ्रीडम के मामले में 6ण्08 की जगह 5ण्17 मिला है। क्रेडिटए लेबर और बिजनेस के मामले में 6ण्63 की जगह 6ण्53 अंक मिला है। इस गिरावट के पीछे कोविड.19 वायरस को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है। रैंकिंग पर इसका प्रभाव अगले दो सालों में दिखेगा।

रैंकिंग में भारत की स्थिति पड़ोसी मुल्क चीन से बेहतर है। रैंकिंग में चीन 124वें स्थान पर है। इसके अलावा टॉप.10 में न्यूजीलैंडए स्विट्जरलैंडए अमेरिकाए ऑस्ट्रेलियाए मॉरिशसए जॉर्जियाए कनाडा और आयरलैंड शामिल हैं।

इन देशों का हाल है सबसे बुरा

वहीं अफ्रीकी रिपब्लिकए डेमोक्रेटिक रिपब्लिक कांगोए जिम्बाब्वेए रिपब्लिक ऑफ कांगोए अल्जीरियाए ईरानए अंगोलाए लीबियाए सूडान और वेनेजुएला को रैंकिंग में सबसे आखिरी स्थान मिला है। इसके अलावा कुछ अन्य प्रमुख देशोंए जिसमें जापान 20वेंए जर्मनी 21वेंए इटली 51वेंए फ्रांस 58वेंए मैक्सिको 68वां और रूस को 89वां स्थान मिला है।

द इकॉनोमिक फ्रीडम ऑफ द वर्ल्ड 2020 की सालाना रिपोर्ट को 5 अलग.अलग फैक्टर्स पर मापा गया है। इसमें सरकार का आकारए लीगल सिस्टम और संपत्ति का अधिकारए साउंड मनीए ग्लोबल ट्रेड में खुलापनए सरकारी नियम जैसे कारक शामिल हैं। यह रिपोर्ट 162 देशों और टेरीटरीज में इकॉनोमिक फ्रीडम को आंका जाता है।

रैंकिंग में पहले स्थान पर हांगकांग

जारी रैंकिंग में पहला स्थान हांगकांग को मिला हैए जबकि दूसरे स्थान पर सिंगापुर है। रिपोर्ट में भारत की स्थिति पिछले साल की तुलना में बुरी बताई गई है। इसमें सरकार के आकारए लीगल सिस्टम और संपत्ति का अधिकारए ग्लोबल ट्रेड में खुलापनए फायनेंसए लेबर और बिजनेस जैसे मापदंड शामिल हैंए जहां भारत की स्थिति पहले से खराब हुई है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि भारत में इकोनॉमिक फ्रीडम बढ़ने की संभावनाएं अगली पीढ़ी के सुधारों तथा अंतरराष्ट्रीय ट्रेड के खुलेपन पर निर्भर करेगी।

फीकी पड़ी सोने. चांदी की चमक



मुंबई.एजेंसी।। विदेशों में पीली धातु में बढ़त के बीच घरेलू स्तर पर आज सोना आधा फीसदी और चाँदी एक फीसदी से अधिक लुढ़क गई। मल्टी कॅमोडिटी एक्सचेंज; एमसीएक्सद्ध में सोना वायदा 273 रुपये यानी 0.53 प्रतिशत टूटकर 51,501 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना मिनी 0.52 प्रतिशत की नरमी के साथ 51ए565 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी वायदा भी 741 रुपये यानी 1ण्07 प्रतिशत लुढ़ककर 68,250 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चांदी मिनी 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68ए226 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।अमेरिकी डॉलर में नरमी से विदेशों में पीली धातु में मजबूती देखी गई। सोना हाजिर 1.35 डॉलर चमककर 1,946.75 डॉलर प्रति औंस के भाव बिका। चाँदी हाजिर 26.88 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा हालांकि 10.08 डॉलर की गिरावट के साथ 1,953.50 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

डीपीआईआईटी रैंकिंग: स्टार्टअप को बेहतर इकोसिस्टम उपलब्ध कराने में गुजरात लगातार दूसरे साल बेस्ट परफॉर्मर बना

नई दिल्ली.एजेंसी।। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड ; डीपीआईआईटीद्ध ने शुक्रवार को स्टार्टअप को बेहतर इकोसिस्टम उपलब्ध कराने वाले राज्यों की रैंकिंग जारी की। 2019 में स्टार्टअप्स को बेहतर इकोसिस्टम उपलब्ध कराने में गुजरात एक बार फिर टॉप पर रहा है। गुजरात ने यह उपलब्धि दिल्ली समेत देश के सभी राज्यों को पछाड़कर हासिल की है।



शुक्रवार को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रैंकिंग जारी करते हुए बताया कि इसमें 22 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा लिया है। यह रैंकिंग नवोदित उद्यमियों को स्टार्टअप स्थापित करने के लिए बेहतर इकोसिस्टम उपलब्ध कराने के आधार पर तय की गई है। 2019 में जारी रैंकिंग फ्रेमवर्क के मुताबिकए सात क्षेत्रों में सुधार के आधार पर 30 अंक दिए जाते हैं। इस बार राज्यों को दो वर्गों श्वाईश् और श्एक्सश् में बांटकर रैंकिंग दी गई है। वाई कैटेगरी असम और दिल्ली को छोड़कर सभी केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। अन्य सभी प्रदेशों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक्स कैटेगरी में शामिल गया है। वाई कैटेगरी में अंडमान एंड निकोबार द्वीपसमूह बेस्ट परफॉर्मर बना है।

इन 7 क्षेत्रों के आधार पर की जाती है रैंकिंग

1. संस्थागत सहायता।
2. अनुपालन को आसान बनाना।
3. सरकारी खरीद के नियमों को आसान बनाना।
4. इन्क्यूबेशन सेंटर्स।
5. सीड फंडिंग।
6. वेंचर फंडिंग।
7. अवेयरनेस एंड आउटरीच।

सैमसंग स्क्रीन के साथ फोल्डेबल फोन पर काम कर रहा है एप्पल : रिपोर्ट

सैन फ्रांसिस्को.एजेंसी।। एप्पल इन दिनों सैमसंग स्क्रीन के साथ फोल्डेबल फोन पर काम कर रहा है और इसके लिए उसने बड़ी संख्या में सैमसंग फोल्डेबल डिस्प्ले आर्डर किए हैं। एक एप्पल इनसाइडर ने आईस यूनिवर्स नाम के एक लीक का हवाला देते हुए कहा है कि एप्पल इन दिनों सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड की तर्ज पर एक फोल्डिंग फोन पर काम कर रहा है।

आईस यूनिवर्स की मानें तो एप्पल ने सैमसंग से मंगाए गए सैम्पल यूनिट्स की टेस्टिंग की है और इसके बाद उसने फोल्डेबल डिस्प्ले सैमसंग से आर्डर किया है। सैमसंग काफी समय से एप्पल का प्रमुख सप्लायर रहा है। यह आईफोन्स के लिए ओएलईडी स्क्रीन्स एप्पल को सप्लाई करता है। यह मानते हुए कि सैमसंग फोल्डेबल फोन के क्षेत्र में पायनियर है और दोनों के बिजनेस के लिहाज से अच्छे रिश्ते हैं, ऐसे में फोल्डेबल डिस्प्ले को लेकर सैमसंग पर भरोसा कर सकता है।

सैमसंग ने इसे देखते हुए फोल्डेबल डिस्प्ले का प्रोडक्शन बढ़ाने का फैसला किया है। उसने मांग के लिहाज से हर साल एक करोड़ यूनिट्स बनाने का फैसला किया है। एप्पल, सैमसंग स्क्रीन , फोल्डेबल फोन पर काम कर रहा है और इसके लिए उसने बड़ी संख्या में सैमसंग फोल्डेबल डिस्प्ले आर्डर किए हैं। एक एप्पल इनसाइडर ने आईस यूनिवर्स नाम के एक लीक का हवाला देते हुए कहा है कि एप्पल इन दिनों सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड की तर्ज पर एक फोल्डिंग फोन पर काम कर रहा है।

कोविड-19 इंपेक्ट; वित्त वर्ष 2021 में भारतीय कंपनियों के एबिटा में 24% की कमी रहेगी, क्रेडिट क्वालिटी पर भी असर पड़ेगा

नई दिल्ली.एजेंसी

कोरोनावायरस संक्रमण के कारण वित्त वर्ष 2021 में भारतीय कंपनियों के औसत एबिटा में 24 फीसदी की कमी हो सकती है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया है। एजेंसी ने कहा कि महामारी के चलते उपभोक्ता विश्वास और कारोबारी गतिविधियां धीमी पड़ी हैं। इससे भारत के गैर वित्तीय कॉरपोरेट्स की क्रेडिट क्वालिटी भी कमजोर होगी।

मूडीज के एसोसिएट एनालिस्ट अभिनव मिश्रा ने नई रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2021 में 22 रेटिड कंपनियों का एबिटा 24 फीसदी गिरेगा और डेटध्एबिटा में चार गुना की बढ़ोतरी होगी। मूडीज ने कहा कि लॉकडाउन खत्म होने के बाद मांग बढ़ने और आर्थिक हालात सामान्य होने के कारण चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में रिकवरी तेज होगी।

ट्रैजेक्टरी का हवाला देते हुए मूडीज के वाइस प्रेसीडेंट और सीनियर क्रेडिट ऑफिसर कौस्तुभ चौबल ने कहा कि आर्थिक मंदी मौजूदा चुनौतियों को बढ़ा रही है। खासतौर पर जिन सेक्टर में खपत घटी है और कीमतों में उतार.चढ़ाव बना हुआ है। इसमें ऑटोमोटिवए तेल एंड गैसए माइनिंग और स्टील सेक्टर शामिल हैं।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही ;अप्रैल.जूनद्ध में भारत के सकल घरेलू उत्पाद ;जीडीपीद्ध में 24 फीसदी की गिरावट रही है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में यह बड़ी गिरावट है। इस कारण मार्च 2021 में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में 40 साल की सबसे बड़ी गिरावट रहेगी। तीसरी तिमाही में रिकवरी की उम्मीद के बावजूद वित्त वर्ष 2022 में औसत रेवेन्यू में वित्त वर्ष 2020 के मुकाबले 7 फीसदी की कमी रहेगी।

मूडीज ने वित्त वर्ष 2021 में यात्री और कमर्शियल वाहनों की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी की कमी रहने का अनुमान जताया है। तेल और गैस की कम कीमतए रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और ट्रांसपोर्ट की मांग घटने के कारण तेल और गैस कंपनियों पर बोझ बढ़ेगा। कमोडिटी की अस्थिर कीमतें और ज्यादा कर्ज माइनिंग और स्टील मेकिंग से जुड़ी कंपनियों के क्रेडिट मेट्रिक्स के सुधार में बाधा पैदा करेगा।

मूडीज ने कहा है कि आईटी सर्विसेज और टेलीकम्युनिकेशन कंपनियों का क्रेडिट ट्रेंड सामान्य बना रहेगा। चुनौतियों के बावजूद अधिकांश कंपनियों का रिफाइनेंसिंग रिस्क मैनेज करने लायक रहेगा। इसमें कंपनियों के बैंकों से अच्छे संबंध और कैपिटल मार्केट तक पहुंच का आसान ट्रैक रिकॉर्ड मदद करेगा।

कोयला आधारित अति उच्च ताप विद्युत संयंत्र के लिए देश में ही बनेंगे रोटर

नई दिल्ली.एजेंसी।

कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए जल्द ही स्वदेशी 'सुपर अलॉय स्टीम टर्बाइन रोटर' का निर्माण शुरू हो सकेगा जो 700 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान से अधिक तापमान पर भी पूरी दक्षता के साथ काम कर सकते हैं। अति उच्च ताप विद्युत संयंत्रों में उत्पादन के दौरान तापमान 700 डिग्री सेंटीग्रेड से अधिक चला जाता है। उन्हें एंडवांस अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल संयंत्र कहते हैं।

ऐसे भारतीय संयंत्रों के संगठन एंडवांस अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) कंसोर्टियम ने इन संयंत्रों के रोटर बनाने में इस्तेमाल के लिए निकेल आधारित मिश्रधातु 617एम का चयन किया है जो देश में आसानी से उपलब्ध भी हो सकेगा, लेकिन इन रोटर के परीक्षण की सुविधा नहीं होने के कारण इनके प्रमाणन में बाधा आ रही थी।

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की मदद से इन रोटरों के परीक्षण की सुविधा तैयार करने की जिम्मेदारी ली है। भेल के पास कई ताप विद्युत संयंत्रों के सफल निर्माण का अनुभव है। यह 'हाई टेम्परेचर स्पिन टेस्ट रिग' हैदराबाद में बनाया जायेगा। यहां अति उच्च तापमान और दबाव के कारण 617एम मिश्रधातु से बने रोटर पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जायेगा। यह देखा जायेगा कि रोटर कितने समय तक यह दबाव सहन कर सकता है।

डीएसटी ने बताया कि इस परीक्षण केंद्र में नौ हजार किलोग्राम वजन तक के रोटर का प्रदर्शन 800 डिग्री सेल्सियस तापमान और प्रति मिनट 3,600 घूर्णन पर आंका जायेगा। साथ ही लंबे समय तक लगातार काम करते रहने की इनकी दक्षता का भी आकलन किया जायेगा।

सुशांत केस में ड्रग्स कनेक्शन: रिया-शोविक समेत 6 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में ड्रग्स कनेक्शन को लेकर गिरफ्तार हुई एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। आज शुक्रवार को रिया की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। मुंबई की सेशन कोर्ट ने रिया चक्रवर्ती, रिया के भाई शोविक चक्रवर्ती, सैमुअल मिरांडा, जैद विलात्रा, दीपेश सावंत, अब्दुल बासित परिहार यानी सभी 6 आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अब रिया के वकील जमानत के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख करेंगे। रिया की जमानत याचिका पर गुरुवार को भी सुनवाई हुई थी, तब सेशन कोर्ट ने फैसला सुरक्षि?त रख लिया था। बता दें कि, ड्रग केस में एनसीबी द्वारा गिरफ्तार रिया चक्रवर्ती 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। उनको भायखला जेल की महिला विंग में रखा गया है। रिया की सेल शीना बोरा हत्याकांड मामले में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी की सेल के पास ही है। गौरतलब है कि, सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में ड्रग्स कनेक्शन को लेकर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने लगातार तीन दिन तक पूछताछ करने के बाद मंगलवार को रिया चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया था। कागजी कार्रवाई और मेडिकल टेस्ट के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से रिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तारी के बाद मंगलवार की रात रिया चक्रवर्ती को एनसीबी के लॉकअप में गुजारनी पड़ी थी। बुधवार को रिया को भायखला जेल में शिफ्ट किया गया। वहीं रिया का भाई शोविक, जैद विलात्रा, दीपेश सावंत, अब्दुल बासित और सैमुअल मिरांडा पहले से ही एनसीबी की हिरासत में थे। शोविक, जैद और सैमुअल की रिमांड की अवधि 9 सितंबर को खत्म हो रही थी। जिसके चलते तीनों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया और जहां से तीनों को 14 दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

2 सेकेंड के फेम वाले आरोप पर अंकिता लोखंडे ने शिबानी दांडेकर को दिया करारा जवाब

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत सुसाइड केस में ड्रग एंगल सामने आने के बाद उनकी गर्लफ्रेंड अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रिया के जेल जाने के बाद से बॉलीवुड के कई सेलिब्रिटी रिया के समर्थन में खुलकर सामने आ रहे हैं। इनमें एक नाम अभिनेता फरहान अख्तर की गर्लफ्रेंड शिबानी दांडेकर का भी है। हाल ही में शिबानी ने रिया का समर्थन करते हुए पोस्ट शेयर किया था। इसके बाद उन्होंने सुशांत की एक्स गर्लफ्रेंड अभिनेत्री अंकिता लोखंडे पर निशाना साधते हुए एक ट्वीट किया था, जिसमें शिबानी ने अंकिता पर आरोप लगाते हुए लिखा था कि अंकिता दो सेकेंड का फेम पाना चाहती है और इसलिए वो रिया को बदनाम कर रही है। शिबानी की इस तीखी टिप्पणी के बाद अब अंकिता लोखंडे ने उनके आरोपों का करारा जवाब देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने लिखा-'2 सेकेंड का फेम इस मुहावरे ने मुझे आज सोचने पर मजबूर कर दिया है। मैं एक छोटे शहर और साधारण परिवार से नाता रखती हूं। मुझे इन लोगों की तरह महंगे स्कूलों में नहीं पढ़ाया गया है जहां पर दिखावा करना सिखाया जाता है। मैंने टेलीविजन इंडस्ट्री में जी सिने स्टार की खोज शो से साल 2004 में कदम रखा था। लेकिन मेरा असली सफर 2009 में पवित्र रिश्ता के साथ शुरू हुआ, जो 2014 तक चला। मैं इसके साथ अन्याय करुंगी, अगर मैं यह नहीं बताउंगी कि शो हाइयेस्ट टीआरपी के साथ छह सालों तक सबसे बेस्ट शो रहा है। फेम वो प्यार है जो फैंस आपको देते हैं। ये प्यार ही तो है जो मैं आज भी अर्चना से जुड़ाव महसूस करती हूं। लोग आज भी मुझे अर्चना समझ कर बहुत प्यार देते हैं। मैंने इस किरदार के अलावा और भी कई रोल अदा किए हैं। इस दौरान मुझे मणिकर्णिका और बागी 3 जैसी फिल्मों में भी काम करने को मिला। मैं बीते 17 सालों से टीवी और बॉलीवुड जगत का हिस्सा हूं। अगर मैं अपने दोस्त को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ रही हूं तो इसका मतलब ये नहीं है कि मुझे 2 मिनट के फेम की दरकार है। मुझे केवल न्याय चाहिए। मुझे ऐसे घटिया काम करने की जरूरत नहीं है। मैंने फिल्मों से ज्यादा टीवी में काम किया है। जितनी मेहमत बॉलीवुड सितारे करते हैं उतनी ही मेहनत टीवी स्टार भी करते हैं। मैं अपने फैसले पर डटी हुई हूं।

बाल हिंसा खत्म करने की दिशा में यूनीसेफ के एडवोकेट बने आयुष्मान

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना यूनीसेफ इंडिया के सेलेब्रिटी एडवोकेट के तौर पर चुने गए हैं, जो बाल हिंसा को खत्म करने की दिशा में अपना योगदान देंगे। आयुष्मान हैशटैगफॉरएवरीचाइल्ड के लिए अधिकारों पर बात करते नजर आएंगे। अभिनेता का कहना है कि उन्हें उस हर बच्चे की फिक्र है, जो एक सुरक्षित बचपन के अनुभव से वंचित रहे हैं। आयुष्मान ने कहा, सेलेब्रिटी एडवोकेट के तौर पर यूनीसेफ के साथ जुड़कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मुझे लगता है कि जिंदगी में एक अच्छी शुरुआत के सभी हकदार होते हैं। जब घर पर मैं अपने बच्चों को एक सुरक्षित व खुशनुमा माहौल में खेलते हुए देखता हूं, उस वक्त मुझे हर उस बच्चे का ख्याल आता है, जिन्हें एक सुरक्षित बचपन का अनुभव कभी नहीं मिल पाया है और जो घर या बाहर हिंसा के माहौल में बड़े हो रहे हैं। अभिनेता का कहना है कि वह इन्हीं मासूम बच्चों के अधिकारों को अपना समर्थन देने के लिए तैयार हैं ताकि वे भी हिंसा से मुक्त एक बेहतरीन माहौल में एक खुश, स्वस्थ और शिक्षित नागरिक के तौर पर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ें।

स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में काम करेंगे टाइगर श्राफ

बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्राफ स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'गणपत' में काम करने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में टाइगर बॉक्सर का किरदार निभाते नजर आयेंगे। यह फिल्म दो भागों में बनेगी। बताया जा रहा है कि टाइगर ने इस फिल्म को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। निर्देशक विकास बहल पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'गणपत' की स्क्रिप्ट को अंतिम तैयारी देने में व्यस्त थे। जैसे ही स्क्रिप्ट तैयार हुई उन्होंने ऐसे हीरो की तलाश शुरू कर दी जो बॉक्सर के रोल में फिट बैठे। टाइगर श्रॉफ का नाम ही उनके दिमाग में था और इसलिए उन्होंने टाइगर को ही यह रोल ऑफर किया। स्क्रिप्ट सुनते ही टाइगर ने तुरंत हां कह दिया और फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी। **एजेंसी**

मैं हर रोज गोमूत्र का सेवन करता हूं

अक्षय कुमार

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने खुलासा किया है कि वह हर रोज गोमूत्र का सेवन करते हैं और ऐसा वह आयुर्वेदिक कारणों से करते हैं। अक्षय फिलहाल हुमा कुरैशी और लारा दत्ता भूपती के साथ स्कॉटलैंड में अपनी अगली फिल्म बेल बॉटम की शूटिंग कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर एक लाइव सेशन के दौरान इन टू द वाइल्ड के अपने विशेष एपिसोड को लेकर उत्साहित अक्षय ने एडवेंचरर और टीवी होस्ट बेयर ग्रिल्स के साथ रूबरू हुए और उनके साथ जंगल के इस दुस्साहसिक सफर की कुछ चुनौतियों पर बात की। जब हुमा ने उनसे इस दौरान यह पूछा कि वह शो पर हाथी के गोबर से बनी चाय को पीने के लिए खुद को किस तरह से मनाया, तो इस पर अक्षय ने कहा, मैं चिंतित नहीं था। मैं काफी ज्यादा रोमांचित था। मैं आयुर्वेदिक कारणों के चलते हर रोज गोमूत्र का सेवन करता हूं, तो मेरे लिए ऐसा करना मुश्किल नहीं था। अक्षय ग्रिल्स के साथ कर्नाटक के बांदीपुर टाइगर रिजर्व में एक दुस्साहसिक सफर पर गए थे, जहां इनटू द वाइल्ड विद बीयर ग्रिल्स के एक एपिसोड की शूटिंग की गई, जिसे 11 सितंबर डिस्कवरी प्लस पर प्रसारित किया जाएगा।

opensearch

अभिनेत्री शेफाली शाह बनीं निर्देशक

दो दशकों के अपने शानदार करियर में कई यादगार और प्रतिष्ठित किरदारों को चित्रित करने के बाद अभिनेत्री शेफाली शाह अब फिल्म निर्माण के क्षेत्र में हाथ आजमाने वाली हैं। अपने इस फैसले को लेकर उत्साहित शेफाली की यह पहली शीर्षकहीन परियोजना कोविड-19 का इलाज करने वाली एक ऐसी डॉक्टर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खुद एक व्यक्तिगत त्रासदी से गुजर रही होती है। फिल्म को उनके घर पर फिल्माया

गया है। शेफाली कहती हैं, मुझे लिखना काफी लंबे समय से पसंद है, लेकिन कोविड महामारी के जिस विषय पर मैंने काम किया है, वह काफी नया है। इस बीमारी, आइसोलेशन को लेकर डर हर किसी के मन में है और हमारी शॉर्ट फिल्म में इसी पर बात की गई है। वह आगे कहती हैं, एक कलाकार के तौर पर जब मैं अन्य परियोजनाओं पर काम कर रही होती हूं, तो मेरा ध्यान बस अपने काम पर होता है, लेकिन जब बात निर्देशन की आई, यह पूरी तरह से एक अलग गेम था। हमारे पास समय काफी कम था और इसे सात लोगों की एक छोटी सी टीम के साथ शूट करना था और न्यूनतम विवरण के साथ एडिट करना था, मेरे काम करने का तरीका यही है। स्क्रिप्ट को बार-बार लिखकर अच्छे से संजोया गया। शेफाली ने कहा, मैं एक कलाकार के बजाय एक निर्देशक के रूप में अधिक केंद्रित थी। इस काम में आपके पास समाधान खोजने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रहता है क्योंकि यह आपकी नौकरी का हिस्सा है। मैंने विपुल (शाह) से यह बात सीखी है। मेरे पास एक अच्छी टीम थी जिन्हें स्क्रिप्ट पर यकीन था और सभी को पता था कि हम मिलकर कुछ ऐसा बनाना चाहते हैं जिस पर हमें गर्व हो।

एजेंसी

निर्देशक अभिषेक कपूर को आई सुशांत की याद, सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन को लगभग 3 महीने पूरे होने वाले हैं। अभिनेता ने 14 जून को बांद्रा स्थित अपने फ्लैट में सुसाइड कर ली थी। उनके निधन ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। फिलहाल इस मामले की जांच चल रही है। इन सब के बीच सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'केदारनाथ' के निर्देशक अभिषेक कपूर ने अभिनेता को याद किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया। इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को शेयर कर अभिषेक कपूर ने लिखा-'सुशांत सिंह राजपूत (1986-2020), केदारनाथ में इस दिन हमारा आखिरी डांस 3 साल पहले एक साथ हुआ था। मेरे पास आपसे जुड़ी कई यादें हैं भाई। काश कि आप यह जान सकते कि आपके फैंस आपसे कितना प्यार करते हैं। काश कि आप यह देख सकते कि आपके फैंस आपको न्याय दिलाने के लिए किस तरह लड़ रहे हैं। उन्होंने आपके लिए पूरी दुनिया ऊपर से नीचे कर दी है और मैं आपको यह कहते हुए सुन सकता कि जाने दो सर, काम बोलेगा।' साथ ही अभिषेक कपूर ने हैशटैग मिसयूभाई और जयभोलेनाथ लगाया। अभिषेक कपूर का यह पोस्ट काफी भावुक कर देने वाला है। वीडियो में फिल्म केदारनाथ की शूटिंग के दौरान के कई अनदेखे पलों को दिखाया गया है। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2013 में अभिषेक कपूर की फिल्म 'काय पो छे' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसके बाद सुशांत सिंह राजपूत कई फिल्मों में नजर आए। अपने अभिनय की बदौलत उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। शायद यही वजह है कि आज पूरी दुनिया में उनके तमाम चाहने वाले उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं।

एजेंसी

हैक्ड और जवानी जानेमन के धमाकेदार प्रीमियर्स

ओपन सर्च

क्या इस वीकेंड चिल करने के लिए आपके पास आइडिया खत्म हो रहे हैं? तो फिर फिक्र छोड़िए क्योंकि एंड पिक्चर्स के पास रोमांच और मस्ती से भरा एक धमाकेदार प्लान है। आप बस पॉपकॉर्न लेकर तैयार हो जाइए क्योंकि एंड पिक्चर्स पावर-पैक्ड प्रीमियर्स के साथ आपको एक परफेक्ट वीकेंड देने का वादा करता है। 12 सितंबर को सस्पेंस थ्रिलर 'हैक्ड' के साथ अपने टीवी स्क्रीन से जुड़ जाइए, जो आपको दातों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर देगी और आपको सोशल मीडिया का एक काला चेहरा दिखाएगी। इसके बाद रविवार 13 सितंबर को फिल्म 'जवानी जानेमन' में जैज़ और टिया की अजीबोगरीब, लेकिन दिल छू लेने वाली कहानी के साथ एक बाप-बेटी के रिश्ते को एंजॉय कीजिए, जो जरा हटके है। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'हैक्ड' में दिखाया गया है कि कैसे एक साधारण आकर्षण, सनक में तब्दील हो जाता है। इसमें डिजिटल दुनिया की अंधेरी हकीकत को भी उजागर किया गया है। इस फिल्म में हिना खान और रोहन शाह लीड भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 18 साल के विवेक की कहानी है, जो समीरा के प्रति आकर्षित होता है और जब उसे इन एहसासों का जवाब नहीं मिलता, तो वो एक गुस्सैल प्रेमी बन जाता है। इसके बाद सोशल मीडिया हैकिंग की दिल दहला देने वाली कहानी शुरू होती है, जो जिंदगी बर्बाद करने का प्रमुख हथियार बन जाता है। तो आप भी शनिवार 12 सितंबर को रात 9 बजे फिल्म 'हैक्ड' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ पता लगाइए कि सोशल मीडिया की यह उथल-पुथल, विवेक और समीरा को किस मोड़ पर ले जाती है। इस फिल्म के बारे में बताते हुए हिना खान ने कहा, ÷हैक्ड एक ऐसी फिल्म है, जिसमें डिजिटल दुनिया का काला चेहरा और साइबर अपराध का खतरा उजागर किया गया है। यह बड़ी वास्तविक फिल्म है, जो उन स्थितियों के बारे में बात करती है, जिनका सामना आजकल के ज्यादातर युवा करते हैं, जब उनके रिश्ते में कड़वाहट आ जाती है। यह रोल मेरे पिछले सभी रोल्स से अलग है और मुझे इस किरदार में ढलने में थोड़ा समय लगा, लेकिन अंत में यह चुनौती रंग लाई। हम सभी ने यह फिल्म बनाते हुए बहुत अच्छा वक्त गुजारा। मैं उम्मीद करती हूं कि दर्शक भी एंड पिक्चर्स पर इस फिल्म का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर एंजॉय करेंगे।

अपने रोल के बारे में बताते हुए रोहन शाह ने कहा, सोशल मीडिया के इस दौर में मैंने एक 18 साल के एक ऐसे लड़के का रोल निभाया है, जो अपने-से बड़ी उम्र की लड़की के प्यार में पड़ जाता है। हालांकि जब कहानी आगे बढ़ती है, तो उसका प्यार सनक में बदल जाता है।

पूनम पांडे ने ब्वॉयफ्रेंड सैम संग रचाई शादी, वायरल हो रही है तस्वीरें

मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे ने अपने ब्वॉयफ्रेंड सैम बॉम्बे संग गुपचुप शादी कर ली है। पूनम पांडे अपने बोल्ड और हॉट लुक्स के लिए जानी जाती हैं। बोल्डनेस की वजह से वह अक्सर विवादों और सुर्खियों में रहती हैं। पूनम पांडे ने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें शेयर कर फैंस को चैका दिया। पूनम पांडे ने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरों को शेयर कर लिखा-'अगले सात जन्म भी तुम्हारे साथ बिताना चाहती हूं।' इन तस्वीरों में पारम्परिक परिधान में पूनम पांडे बहुत खूबसूरत लग रही है। सोशल मीडिया पर शादी की ये तस्वीरें वायरल हो रही है। फैंस दोनों को शादी की बधाई दे रहे हैं। वहीं सैम बॉम्बे ने भी शादी की इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर साझा किया है। पूनम पांडेय और सैम बॉम्बे लम्बे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अक्सर सोशल मीडिया पर रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। पूनम पांडे सबसे पहले तब सुर्खियों में आई थी जब उन्होंने साल 2011 वर्ल्ड कप के दौरान कहा था कि अगर भारतीय टीम ट्रॉफी जीतती है तो वे न्यूड हो जाएंगी। पूनम पांडे अपने बोल्ड फोटोशूट के कारण हमेशा चर्चा में रहती हैं। सैम ही पूनम के बोल्ड वीडियो और फोटोशूट करते हैं। पूनम पांडे ने 2013 में फिल्म 'नशा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद पूनम हिंदी के साथ-साथ कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी नजर आई हैं। **एजेंसी**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक विजय कुमार द्वारा आदित्य ग्राफिक्स, प्रताप भवन 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, आई.टी.ओ. नई दिल्ली-110002 से मुद्रित कराकर 1536/108 गणेशपुरा रोड, त्रीनगर दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय कुमार RNI No. : DELHIN/2015/66886
अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबइल : 9210092542 फोन :- 011-27380260 E-mail : opensearchdelhi@gmail.com